


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 260

ग्वालियर, रविवार, 14 नवम्बर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

## खास खबर

### पीएम मोदी ने दीवाली मिलन पर पीएमओ के अधिकारियों से बातचीत की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज लोक कल्याण मार्ग स्थित पीएम आवास पर आयोजित दीवाली मिलन के अवसर पर पीएमओ के अधिकारियों के साथ बातचीत की। उन्होंने इस अवसर पर सभी को दीपावली की हार्दिक बधाई दी।प्रधानमंत्री ने कोरोना महामारी के खिलाफ देश की लड़ाई की चर्चा की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कैसे देश ने ऐसे साझा दुश्मन से लड़ने में एकता और भाईचारे का प्रदर्शन किया है, जिसका कोई स्वरूप (चेहरा) नहीं है। उन्होंने महामारी के परिणामस्वरूप समाज और शासन में आए सकारात्मक बदलावों के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि इन परिवर्तनों ने समाज को अधिक लचीला बना दिया है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे कठिन समय अक्सर लोगों, प्रक्रियाओं और संस्थानों के बीच निहित क्षमता का एहसास कराता है। उन्होंने पीएमओ के अधिकारियों से इस भावना से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। 2047 और उससे आगे के लिए देश की मजबूत नींव रखने की दिशा में इस दशक के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएमओ में हम सभी को अपनी पूरी क्षमता से और साथ मिलकर काम करना चाहिए और देश को और अधिक ऊंचाइयां हासिल करने में मदद करनी चाहिए।

### राज्यों को अब तक 123 करोड़ से अधिक टीके उपलब्ध कराये गए

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार पूरे देश में कोविड-19 टीकाकरण के दायरे का विस्तार करने और लोगों को टीके लगाने की गति को तेज करने के लिये प्रतिबद्ध है। कोविड-19 का टीका सभी को उपलब्ध कराने के लिए नया चरण 21 जून 2021 से शुरू किया गया था। टीकाकरण अभियान की रफ्तार को अधिक से अधिक टीके की उपलब्धता के जरिये बढ़ाया गया है। इसके तहत राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को टीके की उपलब्धता के बारे में पूर्व सूचना प्रदान की जाती है, ताकि वे बेहतर योजना के साथ टीकाकरण की व्यवस्था कर सकें और टीके की आपूर्ति श्रृंखला को अधिक बेहतर बनाया जा सके। केंद्र सरकार देशव्यापी कोविड रोधी टीकाकरण अभियान के हिस्से के रूप में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निःशुल्क कोविड टीके प्रदान करके उन्हें पूर्ण सहयोग दे रही है। टीके की सर्व-उपलब्धता के नये चरण में, केंद्र सरकार टीका निर्माताओं से 75 प्रतिशत टीके खरीदकर राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों को निःशुल्क प्रदान करेगी। केंद्र सरकार द्वारा अब तक निःशुल्क और सीधे राज्य सरकार खरीद माध्यमों से टीके की 123 करोड़ से अधिक (1,23,19,12,030) खुराकें राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को उपलब्ध कराई गई हैं।

### प्रधानमंत्री के लोकार्पण के साथ ?ही मिलेगा स्टेशन को नया नाम

# हबीबगंज बनेगा रानी कमलापति स्टेशन, मंजूरी मिली

**भोपाल।** लंबे समय से हबीबगंज स्टेशन का नाम बदलने की मांग शहरवासियों द्वारा उठाई जा रही थी जो अब पूरी होने जा रही है। आगामी 15 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस स्टेशन के लोकार्पण के साथ इसे नया नाम भी मिलेगा। अब इस स्टेशन को रानी कमलापति के नाम से जाना जाएगा। राज्य सरकार के परिवहन विभाग की ओर से इस आशय का प्रस्ताव केंद्रीय मंत्रालय को भेजा गया था। इस पर अब केंद्र की मंजूरी मिल गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा भेजे गए जवाब में कहा गया है कि इस स्टेशन का नामकरण रानी कमलापति के नाम पर किए जाने को लेकर कोई आपतति नहीं है। सूत्रों के मुताबिक लोकार्पण के साथ ही स्टेशन को नया नाम देने की कवायद लंबे समय से चल रही है। सबसे पहले भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के नाम पर स्टेशन का नाम रखने का प्रस्ताव आया था। जिस पर सभी की सहमति थी। इसके बाद चूंकि




15 नवंबर देशभर में जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है इसलिए भोपाल रियासत की रानी कमलापति के नाम पर भी विचार किया गया। जिस पर बाद में लगभग सभी की सहमति बन चुकी है। इसके बाद ही राज्य सरकार ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को प्रस्ताव भेजा। प्रस्ताव में उल्लेख किया गया है कि 16वीं सदी में भोपाल गौंड शासकों के अधीन था। 1868 तक उत्तर भारत में आगरा तक और दक्षिण की तरफ खंडवा तक रेलवे ट्रैक था। बीच में रेलवे ट्रैक नहीं था, सड़क मार्ग से आवागमन होता था। ब्रिटिश अधिकारी हेनरी डेली ने भोपाल की नवाब शाहजहां बेगम से ट्रेन चलाने को लेकर समझौता किया था तब बेगम ने 34 लाख रुपये दान दिए थे और 1882 में भोपाल से इटारसी के बीच ट्रेन चली थी। भोपाल को स्टेशन बनाया था। इतिहासकार बताते हैं कि इसके काफी वर्षों बाद भोपाल के पास हबीबगंज क्षेत्र में एक छोटा स्टेशन बनाया गया। यहां दो प्लेटफार्म थे।अधिकृत तौर पर यह स्टेशन 1979 में अस्तित्व में आया। जिसे विकास पर रेलमंत्री रहते केंद्रीय मंत्री रहते माधवराव सिंधिया ने ध्यान दिया था। उन्होंने 7 करोड़ रुपये भी स्वीकृत किए थे। इस राशि से स्टेशन के दोनों तरफ नए भवन व पांच प्लेटफार्म बनाए गए थे। 2016 में केंद्र सरकार ने निजी भागीदारी से हबीबगंज स्टेशन को पुनः विकसित करने का काम तेज किया था। मार्च 2017 में स्टेशन निजी डेवलपर बंसल ग्रुप को हस्तांतरित कर दिया था। 450 करोड़ से स्टेशन को विकसित किया जा रहा है। इसमें से 100 करोड़ से यात्री सुविधा वाले सभी काम पूर्ण कर लिए गए हैं। 350 करोड़ से स्टेशन परिसर में किए जाने वाले व्यवसायिक कामों की गति अच्छी है।

## देश के लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए समाचार पत्र और मीडिया महत्वपूर्ण : नायडू




**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति, एम.वेंकैया नायडू ने देश के लोकतांत्रिक चरित्र की रक्षा में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला और मीडिया से निष्पक्ष तरीके उद्देश्यपूर्ण समाचार व सूचना प्रदान करने का आग्रह किया। साप्ताहिक पत्र 'लॉयर' की 40वीं वर्षगांठ के अवसर पर नेल्लोर में आयोजित 'तुंगा पांडुगा' समारोह में शामिल हुए श्री नायडू ने पत्रकारिता सहित विभिन्न क्षेत्रों में मूल्यों के पतन पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने मीडिया से उच्च मानकों को बनाए रखने और आदर्शों पर आधारित पत्रकारिता को बढ़ावा देने की अपील की। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी सहित अनेक नेता पत्रिकाओं और समाचारपत्रों के माध्यम से सामाजिक आंदोलनों के अग्रदूत बने रहे। आज भी, मीडिया लोगों में जागरूकता पैदा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने बताया कि मीडिया ने कैसे स्वच्छ भारत अभियान को एक जन-आंदोलन में बदल दिया। मीडिया को हमेशा सत्य, निष्ठा और सटीकता के मूल्यों को बनाए रखना चाहिए। नायडू ने कहा कि उन्हें दूसरों के दबावों के आगे नहीं झुकना चाहिए। उन्होंने मीडिया घरानों से कृषि, ग्रामीण विकास और महिला सशक्तीकरण से संबंधित मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। उन्होंने समाचार पत्रों और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को कृषि संबंधी विषयों को स्थान देने और इसके लिए कुछ विशेष कार्यक्रम बनाने का सुझाव दिया। उपराष्ट्रपति ने पत्रकार बिरादरी की सराहना की जिन्होंने कोरोना महामारी के दौरान निरंतर काम करते हुए कोविड से संबंधित उपयुक्त व्यवहार और टीके लेने की आवश्यकता को लेकर लोगों में अत्यंत जरूरी जागरूकता लाई।

## काशी एक सांस्कृतिक नदी है और देश के इतिहास को काशी से अलग करके लिख ही नहीं सकतेः गृहमंत्री अमित शाह

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज वाराणसी में राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा आयोजित अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का शुभारंभ किया। सम्मेलन में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री के साथ राज्य सभा के उपसभापति हरिवंश, उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ, केन्द्रीय गृहराज्य मंत्री नित्यानंद राय, अजय कुमार मिश्रा, निशिथ प्रमाणिक और सांसदगण और सचिव राजभाषा सहित देशभर के विद्वानगण शामिल हुए। दो दिवसीय राजभाषा सम्मेलन के दौरान कई समानांतर सत्रों में हिंदी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ाने के विषय में विचार और मंथन किया जाएगा।



केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि उनके लिए ये बेहद हर्ष का विषय है कि आज़ादी के अमृत महोत्सव के वर्ष में पहली बार राजभाषा सम्मेलन राजधानी के बाहर लाने में सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि कोई भी सरकारी परिपत्र, अधिसूचना तब तक लोकभोग्य नहीं होती है जब तक वो जन आंदोलन में परिवर्तित नहीं होती है। राजभाषा को गति देने के लिए अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन को दिल्ली के गलियारों से बाहर ले जाने का निर्णय 2019 में ही कर लिया गया था और ये नई शुरूआत उस वर्ष में हो रही है जो हमारी आज़ादी का अमृत महोत्सव वर्ष है। अमित शाह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि अमृत महोत्सव हमारे पुरखों द्वारा आज़ादी के लिए दिए गए बलिदानों, संघर्षों को स्मृति में पुनर्जीवित करके युवा पीढ़ी को प्रेरणा देने का मौका तो है ही, ये हमारे लिए संकल्प का भी वर्ष है। इसी वर्ष में 130 करोड़ भारतीयों को ये तय करना है कि जब देश की आज़ादी के 100 साल होंगे तो भारत कैसा होगा और हर क्षेत्र में कहां खड़ा होगा। 75वें साल से 100 साल तक का काल अमृत काल होगा और ये अमृत काल हमारे सभी लक्ष्यों की सिद्धि का माध्यम होगा। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि हम सब हिन्दी प्रेमियों के लिए भी ये संकल्प का वर्ष रहना चाहिए। जब आज़ादी के सौ साल पूरे हों, तब देश में राजभाषा और हमारी सभी स्थानीय भाषाएं इतनी बुलंद हों कि किसी भी विदेशी भाषा का सहयोग लेने की ज़रूरत ना पड़े।





## मुख्यमंत्री श्री चौहान ने गोशिल्प इंटरप्राइजेस के प्रतिनिधियों के साथ स्मार्ट पार्क में पौधा रोपण किया



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रतिदिन वृक्ष लगाने के अपने संकल्प के साथ ही वृक्षारोपण में सामुदायिक सहभागिता को भी निरंतर प्रोत्साहित कर रहे है। इसी तारतम्य में मुख्यमंत्री चौहान ने शनिवार को स्मार्ट सिटी पार्क में खुली भूमि पर गोशिल्प इंटरप्राइजेस संस्था के प्रतिनिधि श्रीमती नीता दीप वाजपेई, दीपांश वाजपेई एवं विजय कुमार पाटीदार के साथ नीम और सप्तपर्णी के पौध रोपे। वृक्षारोपण के अवसर पर निगम आयुक्त के.वी.एस.चौधरी, स्मार्ट सिटी के सी.ई.ओ. अंकित अस्थाना भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने वृक्षारोपण के अवसर पर गोशिल्प इंटरप्राइजेस संस्था के प्रतिनिधियों से गोशिल्प व गोशाला के संबंध में चर्चा की और शिल्पकारों द्वारा गोबर व गोमूत्र से तैयार कलाकृतियां, आभुषण, पूजा के उपयोग में आने वाली विभिन्न वस्तुओं का अवलोकन करते हुए कहा कि संस्था का यह प्रयास गौरक्षा में प्रभावी रूप से सहायक सिद्ध होगा।

गोशिल्प संस्था ग्रामीण और नगरीय जीवन के बीच बढती दूरी को कम करने व हर वर्ग को साथ रखकर प्रदेश व देश को आत्मनिर्भर बनाने के उददेश्य से कार्य कर रही है। संस्था द्वारा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के दृष्टिगत् गोशिल्प को अपना लक्ष्य बनाकर कार्य किया जा रहा है। गोशिल्प की कोशिश है कि आपको अपना उत्पाद मिले और अपनों से मिलें और भारत के व्यापार के पुनरुद्धार हेतु सबको साथ मिलाएं और बदले भारत की तस्वीर आने वाली पीढ़ियां भी महसूस कर सकें और हमारी परम्परा भी बनी रहें।







# वसुंधरा श्रृंगार युवा मंडल एवं ग्राम वासियों के सहयोग से महा रुद्राभिषेक कर मंदिर के जीर्णोद्धार की नींव रखी

**परियाया ग्राम में हजारों वर्ष पुरानी दिव्य चार शिवलिंग इसके जीर्णोद्धार में आगे आए सभी श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर राम दास जी महाराज**

**भिण्ड।** पूर्व में वसुंधरा श्रृंगार युवा मंडल के नेतृत्व में ग्रामीणों के सहयोग से ग्राम परियाया में उपेक्षा की शिकार अद्भुत शिवलिंग का आज भव्य महा रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया और मंदिर के जीर्णोद्धार की नींव राष्टीय संतो के कर कमलों से रखी गई जिसमें श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर रामदास जी महाराज दंदरौआ सरकार श्री श्री 1008 महंत श्री शुभेंद्र नारायण पुरी जी पत्ती वाले महाराज जी श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी हरिद्वार श्री श्री 1008 बाबा भिकारी दास महाराज श्री श्री 1008 बाबा अयोध्या दास महाराज श्री 108 दयानंद सरस्वती जी महाराज श्री राम प्रकाश जी तिवारी अध्यक्ष आध्यात्मिक भारती रक्षा मंच युवा समाजसेवी नितिन दिक्षित आदि दिव्य महात्माओं एवं प्रबुद्ध जन के कर कमलों से संपन्न हुआ।

वही दंदरौआ सरकार श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर राम दास जी महाराज ने बताया यह बड़ा ही दिव्य स्थान है यह शिवलिंग अति प्राचीन होने के साथ-साथ ही सिद्ध शिवलिंगे हैं निश्चित ही यहां हजारों वर्षों पूर्व एक दिव्य स्थल हुआ करता होगा यह स्थान पूरे क्षेत्र और देश के लिए गौरव का स्थान है इस दिव्य स्थान को भव्य बनाने के लिए हम सभी आगे आए वही महाराज जी ने अध्यात्म के गूढ़ रहस्य बताएं। वही श्री आदित्य पुरी जी महाराज श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी हरिद्वार ने वेद मंत्र उच्चारण के साथ महा रुद्राभिषेक संपन्न कराते हुए कहा ऐसे दिव्य स्थान पर महा रुद्राभिषेक कराने का मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ हजारों वर्षों पश्चात महा रुद्राभिषेक का आयोजन हुआ है जिससे पुनः यह स्थान जागृत हुआ है हम सभी ग्रामवासी यह संकल्प लें कि इसके आसपास किसी भी प्रकार की गंदगी नहीं फेलाएंगे और इसके जीर्णोद्धार मैं बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे शास्त्रों में बताया गया है नये मंदिरों से पहले पुराने मंदिरों का जीर्णोद्धार कराना चाहिए जो भगवान शिव की पुराने मंदिरों का जीर्णोद्धार कराता है उस व्यक्ति का पित्र दोष समाप्त हो जाता है और हमारे पूर्वज उस व्यक्ति के परिवार पर अपार कृपा



बरसाते हैं। वसुंधरा श्रंगार युवा मंडल के अध्यक्ष हरे कृष्ण शर्मा आजाद ने बताया यह स्थान अति प्राचीन होने के साथ-साथ यहां गुप्तकालीन अवशेष प्राप्त हो रहे हैं और हजारों वर्षों से यह स्थान गुप्त में होने के कारण मंडल के सदस्यों एवं ग्राम वासियों और संतों की उपस्थिति ने यह तय किया कि इस स्थान को गुप्तेश्वर महादेव के नाम से जाना जाएगा आज भगवान शिव पर 11000 बेलपत्र और शहद से चारों शिवलिंग पर एक साथ भव्य महा रुद्राभिषेक किया गया वही आजाद ने बताया पूरा गांव बड़ा ही सौभाग्यशाली है कि ऐसा दिव्य स्थान आपके गांव में है इसीलिए हम सभी लोग इसके जीर्णोद्धार में पूरे मनोयोग से लगकर चंबल के गौरव को पटल पर लाएं वही कार्यक्रम के अंत में परिसर में पीपल बरगद बेलपत्र आदि दिव्य पौधों का रोपण किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल पदाधिकारी दीपक मिश्रा, कोषण नक्षत्र वाटिका प्रभारी विपिन सिंह भदौरिया संतोष शर्मा, आशुतोष शर्मा, सोनू बघेल, राज बहादुर सिंह यादव, प्रेम सिंह यादव, शिवकांत शर्मा, अनिल कुमार शर्मा, राजयन यादव, राजाबाबू यादव, प्रमोद कुमार शर्मा, अभिषेक मिश्रा, अवधेश मिश्रा, अशोक मिश्रा, बाबूराम दीक्षित, सुभाष ओझा, मुकेश ओझा, सुंदरम ओझा, रोहित शाक्य, विपिन ओझा, भजनलाल, दीपू आदि ग्राम वासियों का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

## पूर्व जनपद अध्यक्ष पति को भ्रष्टाचार की शिकायत करना पड़ा भारी, सरपंच के परिजनों ने धुना

**भिण्ड।** मेहगांव न्यायालय परिसर में पूर्व जनपद अध्यक्ष के पति की जूतों-डंडों से पिटाई कर दी गई। उन्हें सायना गांव के सरपंच के परिजन ने पीटा। दोनों के बीच मनरेगा में भ्रष्टाचार को लेकर विवाद था। घटना गुरुवार दोपहर की है, जिसका वीडियो शुक्रवार देर रात सामने आया। पूर्व जनपद अध्यक्ष प्रतिभा जादौन के पति भूपत सिंह ने सायना गांव के सरपंच, सचिव व रोजगार सहायक द्वारा में मनरेगा में फर्जी दस्तावेज तैयार करके मृतकों से मजदूरी करना बताकर लाखों का भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया था। भूपत सिंह ने आरटीआई से दस्तावेज निकालकर इसकी शिकायत अफसरों से की थी। इससे सरपंच के परिवार वाले बौखला गए और भूपत सिंह की पिटाई कर दी। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर एफआइआर दर्ज कर ली। भूपत सिंह जादौन ने बताया कि वह न्यायालय परिसर में जब वो एडवोकेट शैलेंद्र सिंह भदौरिया के पास बैठकर शपथ पत्र तैयार करा रहे थे, तभी सूरज उर्फ भोलू और मुकेश उर्फ मुक्के पुत्र देवेंद्र सिंह भदौरिया आ गए। दोनों ही गाली-गलौज करने लगे। दोनों ने डंडे और जूतों से हमला बोलते हुए मारपीट कर दी। दोनों ही जान से मारने की धमकी दी है।



### दूसरे पक्ष ने भी कराया केस

भोलू की तरफ से भूपत के परिजन द्वारा मारपीट करने की शिकायत भी पुलिस थाने में की है। पुलिस ने दोनों पक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया। इस घटना के बाद एडवोकेट संघ मेहगांव की ओर से पुलिस थाने में शिकायत दी गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### ई-रिक्शा में बैठकर जा रही महिला के पर्स से जेवरात चोरी

**भिण्ड।** शहर कोतवाली थाना क्षेत्रान्तर्गत पिछले कुछ दिनों ई-रिक्शा में बैठी महिलाओं के पर्स से जेवरात चोरी की घटनाएं बड़ी हुई है। एक बार फिर से इसी तरह की घटना की शिकार एक महिला हुई। फरियादी महिला की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ एफआइआर दर्ज कर ली। पुलिस के मुताबिक हनुमान बजरिया में रहने वाली अमृता पत्नी मुकेश बघेल 7 नवंबर को गांव आई और अटेर रोड बंवा से हनुमान बजरिया के लिए ई-रिक्शा पर बैठी। महिला ने एक पर्स ले रखा था जिसमें डेली यूज के जेवरात भी रखे हुए थे। दो महिला ई.रिक्शा में आकर बैठी। इसके बाद वो कुछ दूरी पर जाकर उतर गई। इसके बाद महिला घर पर पहुंची। दूसरे दिन अमृता ने जेवरों को पहनने के लिए पर्स को उठाया तो उसमें से गायब मिले। पीडिता ने थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज की। कोतवाली पुलिस ने मामले की पड़ताल कर फरियादी महिला की शिकायत पर अज्ञात महिला चोरों के खिलाफमुकदमा दर्ज कर लिया गया। पुलिस के मुताबिक महिला के पर्स से करीब 47 हजार का सोना चोरी हुआ है।

### घरेलू विवाद के चलते महिला के साथ मारपीट

**भिण्ड।** शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के एक महिला के साथ घरेलू विवाद के चलते तीन लोगों ने एकराय होकर मारपीट करते हुए गाली-गलौज किया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर उक्त आरोपीगणों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार नीतू पत्नी संजीव जाटव निवासी कॉटनजीन कॉलोनी ने बताया गुरुवार रात 11.10 बजे उसी के घर वालों ने घरेलू विवाद के चलते एकराय होकर पति संजीवसिंह, विद्यादेवी, रघुवीरसिंह ने मारपीट करते हुए गाली-गलौज किया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर उक्त लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

### स्कूल की कहकर निकली किशोरी नहीं आई घर वापस

**भिण्ड।** दबोह थाना क्षेत्रान्तर्गत एक किशोरी परिजनों से स्कूल की बोलकर घर से निकली थी, लेकिन देर शाम तक घर नहीं पहुंची तो उसके परिवार वालों ने पड़ताश शुरु की, जिसके बाद भी उसका पता नहीं चला तो थाने पहुंचकर अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करायी। पुलिस के अनुसार विगत 9 नवम्बर 10.30 बजे 16 वर्षीय किशोरी निवासी कस्बा दबोह जो घर से स्कूल के लिए पढ़ने निकली थी और शाम तक घर नहीं पहुंची, जिसके बाद परिजनों ने उसके रिश्तेदारों में दो से तीन दिन तलाश किया फिर भी पता नहीं चला तो थाने में अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करायी।

### बंदूक से युवक के मारी गोली जांघ में लगी

**भिण्ड।** बरासो थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम दबेलपुरा में किसी बात को लेकर दो लोगों का एक युवक से झगड़ा हो गया तो उन्होनें एकराय होकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट की जिसके बाद बंदूक से फायरिंग शुरु कर दी, जिसकी एक गोली युवक के जांघ में लगी, जिससे वह घायल हो गया और आरोपीगण मौके से भाग निकले। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर उक्त लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

## खेतों से न निकालकर बीहड़ से निकालें अटल एक्सप्रेस-वे

**किसानों ने कलेक्टर के नाम नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन**

**भिण्ड।** चम्बल नदी के किनारे बनाए जा रहे अटल एक्सप्रेस-वे को लेकर बड़ापुरा हाईस्कूल पर आयोजित बैठक में ग्राम बड़ेरी, बड़ापुरा एवं रानीपुरा के किसानों ने नायब तहसीलदार के सामने आपत्ति दर्ज कराई। कहा कि उपजाऊ भूमि चली जाएगी तो किसान बर्वाद हो जाएंगे। इस संबंध में दोनों गांव के किसानों ने नायब तहसीलदा को ज्ञापन भी सौंपा गया। अटल एक्सप्रेस-वे के लिए भूमि अधिग्रहण मामले में शनिवार को ग्राम बड़ापुरा के शासकीय हाईस्कूल परिसर में जिला प्रशासन की ओर से बैठक का आयोजन किया गया। इसमें अटेर एसडीएम के आने की चर्चा थी लेकिन उनकी ओर से अटेर के नायब तहसीलदार अनीश धाकड़, ग्राम बड़ेरी के हल्का पटवारी गौरव शाक्य एवं बड़ापुरा-रानीपुरा की पटवारी मौजूद रहीं। नायब तहसीलदार के समक्ष ग्राम बड़ेरी, बड़ापुरा एवं रानीपुरा से आए किसानों ने आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि पास में ही बीहड़ी भूमि



उपलब्ध है तो उपजाऊ एवं सिंचित जमीन से अटल एक्सप्रेस-वे क्यों निकाला जा रहा है। किसानों की उपजाऊ भूमि हाइवे में चली जाएगी तो किसान बर्वाद हो जाएंगे। इसके बदले जो बीहड़ी भूमि किसानों को दी जाने की योजना है वह भूमि अनुपजाऊ होकर बेकार है, वहां कोई भी फसल नहीं उपजाई जा सकती। किसानों ने मांग की है कि यदि हाइवे को बदला नहीं जा सकता तो उन्हें उनकी सिंचित भूमि की दर से पांच गुना मुआवजा दिलाया जाए।

इसके बाद किसानों ने नायब तहसीलदार अनीश धाकड़ को उस बीहड़ी भूमि का मुआयना भी कराया, जहां से हाइवे निकाला जाना चाहिए। साथ ही उस भूमि का भी अवलोकन कराया जो किसानों को मिलना प्रस्तावित है। इस पर तहसीलदार ने कहा कि वे कलेक्टर के समक्ष किसानों की मूल समस्या को रखेंगे और हकीकत से अवगत कराएंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में ग्राम बड़ेरी एवं बड़ापुरा के रामशंकर शर्मा, रामकिशोर शर्मा, राकेश कुमार बघेल, अमृतलाल बघेल, सुभाष कुमार, बृजमोहन शर्मा, महावीर सिंह बघेल, राजीव कुमार, संतोष, सुरेन्द्र शर्मा, अनिल कुमार शर्मा, जितेन्द्र सिंह, बलवीर सिंह, उर्मिला भदौरिया, मुकेश सिंह भदौरिया सहित अनेक किसान शामिल रहे।

## आधी रात को नशे में धुत्त स्कॉर्पियों के ड्राइबर ने 33 केव्ही बिजली खंबे मारी टक्कर, लाइन टूटीए खंबा गिरा





**भिण्ड।** शहर के एनएच92 हाइवे पर बायपास रोड न्यू पुलिस लाइन के सामने शुक्रवार-शनिवार की आधी रात करीबन 1 बजे बिना नम्बर की सफेद रंग की एक स्कॉर्पियों के चालक ने नशे में धुत्त होकर 33 केव्ही बिजली पोल में जोरदार टक्कर मार दी, स्कॉर्पियों की स्पीड़ इतनी तेज थी कि चालक कुछ समझ नहीं पाया और सीधे बिजली के खंबे में टक्कर मार दी और स्कॉर्पियों उल्टी होकर गिर पडी,जिसके बाद चालक गाड़ी में फस गया, हादसे की जानकारी जैसे ही उनके सहयोगियो को लगी तो तुरंत मौके पर पहुंचकर चालक को बाहर निकालकर उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। हादसे में गनीमत यह रही रात का वक्त होने की बजह से सिर्फ खंबा टूटा और लाइन जमीन पर गिर गई अगर यह हादसा दिन के वक्त का होता तो शायद बड़ी घटना बन सकती थी। जब सुबह स्थानीय लोग नींद से जागे तब उन्हें हादसे के बारे में पता चला 33 केव्ही लाइन जमीन पर टूट कर पड़ी हुई थी, बिजली का पोल लाइन के सहारे दिनभर झूलता रहा और दोपहर बाद बिलली कंपनी की टीम पहुंची जिसके बाद कार्य शुरु किया गया और शाम तक बिजली व्यवस्था बहाल हुई। बिजली बंद होने से सुबह लोगों को पानी की बहुत परेशानी हो रही है लोगों के घरों में पानी नहीं था और हेंडपंपों के सहारे पानी की पूर्ति की। इस घटना से अंदाजा लगाया जा सकता है कि रात के समय किस तरह से नशे में होकर लोग गाडियां चलाते है।

## वाद-विवाद प्रतियोगता सम्पन्न



**भिण्ड।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय भिंड के पत्र के अनुपालन में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत एवं विधिक सेवा सप्ताह के अवसर पर विधि विभाग, एम जे एस स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा 13 नवंबर को अपराह्न 01:00 बजे से वादविवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया। विधि विभाग के छात्र एवं छात्राओ द्वारा इसमें पूर्ण ऊर्जा एवं उत्साह से प्रतिभागिता की गई। महाविद्यालय की ओर से विजई प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। आज आयोजित हुई प्रतियोगिता में 15 से ज्यादा छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया, जिसमे से पक्ष में आशीष कुमार जैन प्रथम, आकाश राठौर द्वितीय व अंजू कुशवाह तृतीय स्थान पर रही। वही विपक्ष में पंकज भारद्वाज प्रथम, नितेश पांडे द्वितीय, अमित सिंह भदोरिया तृतीय स्थान पर रहे । इस अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ अनूप श्रीवास्तव तथा विधि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ के के रायपुरिया विशेष रूप से उपस्थित रहे । छात्रों को संबोधित करते हुए विभागाध्यक्ष प्रोफेसर के के रायपुरिया ने कहा कि कानून के छात्र के जीवन में वाद-विवाद एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है इस प्रतिभा कथा में प्रत्येक विद्यार्थी को बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।

## अन्तर्राष्ट्रीय कम्पनी अमेजन द्वारा ऑनलाईन मारिजुआना गांजा की तस्करी

**भिण्ड।** अन्तर्राष्ट्रीय कम्पनी अमेजन द्वारा मारिजुआना गांजा की तस्करी करने का खुलासा हुआ है जिसमें आरोपी सूरज उर्फ कल्लू पवैया एवं पिंटू उर्फ बिजेन्द्र पुत्र डोंगर सिंह तोमर से मारिजुआना सहित अंतरराष्ट्रीय कम्पनी अमेजन की पैकिंग के डब्बे, रेपर बारकोड टेगिंग आदि जप्त किए गए। अमेजन ऑनलाईन के द्वारा सप्लाई किया जा रहा 20 किग्रा. मारिजुआना/ गांजा जप्त आरोपी सूरज उर्फ कल्लू पवैया अमेजन द्वारा कड़ी पत्ते के टेग से आन्ध्रप्रदेश से मादक पदार्थ गांजे की अमेजन से डिलेवरी ग्वालियर, भोपाल, कोटा, आगरा एवं अन्य जिलो में की जाती है। सायबर सेल की टीम द्वारा सतत रूप से आरोपी सूरज उर्फ कल्लू पवैया की निगरानी की गई। आरोपी सूरज उर्फ कल्लू पवैया को पकड़ने हेतु पुलिस अधीक्षक भिण्ड मनोज कुमार सिंह एवं अति.पुलिस अधीक्षक भिण्ड कमलेश कुमार खरपुसे के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी गोहद नरेन्द्र सोलंकी को निर्देशित किया। उक्त की अनुपालना मे सायबर सेल, थाना ज़्प्रभारी गोहद चौराहा निरीक्षक ओमप्रकाश मिश्रा के द्वारा संयुक्त रूप से शनिवार






को आरोपी सूरज उर्फ कल्लू पवैया को भिण्ड ग्वालियर हाइवे रोड पर गोविन्द ढाबे के पास पकड़ा गया एवं साथ ही गोबिन्द ढाबा के संचालक पिंटू उर्फ बिजेन्द्र पुत्र डोंगर सिंह तोमर निवासी संचालक गोविन्द ढाबा को गिरफ्तार किया गया। कम्पनी बीएबीयू टेक्स द्वारा अपने जीएसटीआईएन 37 ए.ए. एफ.पी.ई. 9088 बी.आई. जेड.पी. पर विशाखापटनम की कम्पनी अमजेन पर सेलर के रूप में दर्ज कराई गई थी जिसके माध्यम से विशाखापटनम आन्ध्रप्रदेश से अमेजन ऑनलाईन के माध्यम से मारिजुआना की तस्करी की जा रही थी। अभी तक ऑनलाईन प्लेटफार्म के द्वारा टन मारिजुआना की तस्करी की गई। अभी तक आनलाईन डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से लभगभ 1 करोड दस लाख रूपये के लेन की पुष्टि हुई। मरिजुआना की इस बिक्री का करीब 66.66 प्रतिशत हिस्सा अमेजन को जाता है।

**गिरफ्तार आरोपीः**

1. सूरज उर्फ कल्लू पवैया पुत्र रामबाबू पवैया निवासी गली नं. 1 आजाद नगर मुरार ग्वालियर
2. पिटू उर्फ बिजेन्द्र पुत्र डोंगर सिंह तोमर निवासी गोबिन्द ढाबा छीमका गोहद चौराहा

**जमशुदा सामानः**

1. अमेजन पैकिंग की काली पॉलीथीन 2. पैकिंग हेतु अमेजन लेबलिंग वाली टेप
3. खाली डब्बे जिस पर अमेजन वाली काली पॉलीथीन लगी होकर उसके चारों तरफ अमेजन की लेबल वाली टेप लगी हुई है। 4. मादक पदार्थ गांजा 20 किग्रा. 5. एयर एशिया एयरलाईस विशाखापटनम का 12 नवम्बर 2021 की फ्लाईट टिकिट- 02 6. इंडिगो एयरलाईस का 09 नवम्बर 2021 का ग्वालियर का दिल्ली का टिकिट।

## बढ़े साइबर अपराध

करीब एक दशक में अपराधों की दुनिया में साइबर अपराधों की एक नई दुनिया खड़ी हो गई है। दुनिया की बात तो अलग, अकेले भारत में ही रोजाना हजारों लोग साइबर ठगी का शिकार हो रहे हैं। अपने घर में बैठे हम सबसे अधिक सुरक्षित महसूस करते हैं, पर साइबर अपराधी सुरक्षा के इस आश्वासन को झुठलाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। निस्संदेह मोबाइल फोन एक बहुपयोगी साधन के रूप में आज हर हाथ में है, पर इसे लेकर थोड़ी-सी भी असावधानी हमें खतरे में डाल देती है। किसी के फोन पर एक संदेश आता है या घंटी बजती है, लिखित या मौखिक संवाद शुरू होता है और फिर पता चलता है कि उसके बैंक खाते से पैसे निकल गए। ऐसी धोखाधड़ी की ऐसी घटनाएं डेस्कटाप या लैपटाप पर भी हो जाती हैं। हालत यह है कि देश-दुनिया में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों ने सबकी नींद उड़ा दी है। आर्थिक साइबर अपराध के बढने् के पीछे कई कारण हैं। अधिकांश मामलों में अपराधी को इस तरह की धोखाधड़ी करने के लिए कहीं आने-जाने की जरूरत नहीं होती। दुनिया के किसी भी कोने से इस ठगी को अंजाम दिया जा सकता है। अगर किसी चोर को चोरी करनी है तो उसे हर बार नए ठिकाने का जायजा लेना होता है और अलग रणनीति बनानी पड़ती है। भौतिक रूप में नकदी का लेनदेन कम होता जा रहा है और इसकी जगह इलेक्ट्रानिक निधि अंतरण ने ली है। लोग मोबाइल वालेट का बढ़-चढ़ कर उपयोग कर रहे हैं। इन सबसे आम लोगों के लिए खरीद-फरोख्त करना, पैसा भेजना और मंगाना आसान हुआ है। लेकिन इसके साथ ही साइबर ठगों की भी मौज हो गई है। इससे भी बड़ी समस्या यह है कि साइबर अपराध के शिकार व्यक्ति या पुलिस के लिए अपराधी तक पहुंचना और लूटे गए पैसे को अपराधी से वसूल कर पाना बहुत ही मुश्किल होता है। इसकी एक बड़ी वजह है कि आर्थिक साइबर अपराधों से निपटने की तंत्र दुरुस्त नहीं है। बैंक ग्राहकों को साइबर धोखाधड़ी से बचाने के मकसद से ही बैंकों ने %अपने ग्राहक को जानने' की कवायद शुरू की थी जो केवाईसी के नाम से प्रचलित है। केवाईसी बैंकों और उनके ग्राहकों दोनों के भले के लिए है। पर साइबर ठगों ने यहां भी तोड़ निकाल लिया और केवाईसी अद्यतन करने को ठगी का जरिया बना लिया। आर्थिक साइबर अपराध का क्षेत्र इतना व्यापक हो चुका है कि इसकी एक शब्दावली भी बन चुकी है जिसमें विशिष्ट अर्थ वाले फिशिंग, विशिंग, स्किमिंग, क्लोनिंग जैसे शब्द मौजूद हैं। बैंक, क्रेडिट कार्ड कंपनियां, मोबाइल वालेट सेवा प्रदाता, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां आदि सभी ग्राहकों को आगाह करती रहती हैं कि वे अनजान लोगों के साथ अपनी वित्तीय जानकारी साझा न करें। लोगों को साइबर ठगी का शिकार होने से बचाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने भी व्यापक स्तर पर विज्ञापन अभियान चलाए हैं। बाजार और उपभोक्ताओं के आंकड़ों का अध्ययन करने वाली जर्मन कंपनी स्टैटिस्टा की भारतीय शाखा की ओर से कराए गए सर्वेक्षण में यह सामने आया है कि हमारे देश में करीब बावन प्रतिशत लोग नहीं जानते कि वे साइबर ठगी से खुद को कैसे सुरक्षित रखें। वैसे भी वित्तीय साक्षरता के मामले में हमारा देश पिछड़ा हुआ ही माना जाता है।

# उत्तराखंड का आपदा हादसा अफ़सोस के बजाए पीठ थपथपाती भाजपा !

**डॉ श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट**

उत्तराखंड सरकार आपदा से निपटने में पूरी तरह विफल रही है। राज्य सरकार व आपदा प्रबंधन दोनो ही लोगों राहत देने में गम्भीर नजर नहीं आए। मौसम विभाग की चेतावनी के बावजूद सरकार गहरी नींद में सोई रही। यदि समय रहते व्यवस्थाएं चाक-चौबंद की गई होती तो आपदा ने इतने गहरे जख्म न दिए होते। सरकार को चाहिए था कि वह अपने नेताओं व अधिकारियों की पीठ थपथपाने के बजाए आपदा से प्रभावितों लोगों की मदद के लिये आर्थिक राशि बढाती। साथ ही उन किसानों जिनकी फ़सल आपदा में खराब हुई है,को उनकी फसल का मुआवजा देने की भी पहल करती।ऐसा न होने के कारण ही आपदा में राहत और बचाव कार्य को लेकर लोहाघाट के भाजपा विधायक पूरन फर्त्याल ने जमकर खरी खोटी सुनाई है। उन्होंने अपने क्षेत्र की अनदेखी करने का भी आरोप सरकार पर लगाया है। जिससे भाजपा का संगठन और सरकार दोनों मुश्किल में पड़ गए हैं।भाजपा विधायक ने आपदा प्रबंधन मंत्री धन सिंह रावत पर भी अपनी जमकर भड़ास निकाली है। भाजपा विधायक ने आरोप लगाए कि मंत्री वहीं दौरा कर रहे हैं ,जहां तक हैलीकॉप्टर पहुंच रहे हैं। जिला स्तरीय एक बैठक में भाजपा विधायक ने सीएम धामी की मौजूदगी में जिला प्रशासन पर फर्जी आंकड़े पेश करने का आरोप भी लगाया है। उन्होंने डीएम पर भी ठीक से कार्य न करने की शिकायत की है। विधायक का आरोप है कि प्रशासन केवल सड़क के किनारे पहुंच कर सेल्फी ले रहे हैं। विधायक ने बैठक में कहा कि अधिकारी संवेदनशील रवैय्या अपनाएं। भाजपा विधायक पूरन सिंह फर्त्याल इससे पूर्व पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत के खिलाफ भी मोर्चा खोल चुके है। विधायक ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को पत्र? लिखकर टनकपुर जौलजीबी सड़क निर्माण को लेकर सरकार और लोक निर्माण विभाग पर गंभीर सवाल उठाए थे। जिससे सरकार की किरकिरी हुई थी।आपदा प्रबंधन को लेकर विपक्ष भी सरकार पर हमलावर हो गया है। 3 ?दिनों तक आपदाग्रस्त क्षेत्रों में ?गुजारने के बाद पूर्व सीएम हरीश रावत और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने धामी सरकार को आपदा प्रबंधन में पूरी तरह से फेल बताया है। कांग्रेस ने सरकार को अल्टीमेटम देकर आपदा राहत कार्यों में तेजी लाने को कहा है। साथ ही कांग्रेस ने चेतावनी दी कि वह बड़े स्तर पर आंदोलन चलाएगी। पूर्व सीएम हरीश रावत और प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि इतने दिन बीत जाने के बावजूद भी पीड़ितों को मुआवजे की राशि नहीं दी गई है। इसलिए तय किया गया है कि कांग्रेस कार्यकर्ता 28 अक्तूबर से प्रदेशभर के सभी जिला मुख्यालयों और महानगरों में उपवास कर आंदोलन की शुरुआत कर रहे है। हरीश रावत ने सवाल किया ?कि गृहमंत्री अमित शाह ने साफ कहा था कि उत्तराखंड में आपदा के हालातों को लेकर 36 घंटे पहले जानकारी दे दी गई थी। लेकिन फिर भी प्रदेश सरकार क्यों सोई रही।

वही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को फोन कर राज्य के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में चल रहे राहत, बचाव एवं निर्माण कार्यों के बारे में जानकारी ली। धामी ने प्रधानमंत्री को राज्य में चल रहे पुनर्निर्माण कार्यों के बारे मे अवगत कराते हुए आपदा प्रभावितों को दी जा रही आर्थिक सहायता और पुनर्वास के बारे में विस्तार से बताया कि हाल ही में प्रदेश में लगातार तीन दिन हुई भारी बारिश से व्यापक तबाही हुई थी, जिसमें 76 लोगों की मौत के साथ ही अनेक लोगो के लापता होने, मकानों, सडकों और फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। उत्तराखंड के पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने जानकारी दी है कि पुलिस और राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) ने लगभग 65 हजार लोगों को आपदा में फंसने से बचाया है। मौसम खराब होने की चेतावनी 24 घंटे पहले आने के कारण लगभग 48हजार लोगों को गढ़वाल में और लगभग 17000 लोगों को कुमाऊं में समय रहते पहाड़ पर चढने से रोक लिया गया, जिससे वे आपदा में फंसने से बच गए।उनके अनुसार अभी तक प्रदेश में



आपदा से 76 मौतें हुई हैं, जिनमें से 59 मौतें कुमांऊ में और 17 गढ़वाल में हुई है। जबकि 33 लोग घायल हैं। इसके अलावा 14 लोग अभी भी लापता हैं ,जिनमें से आठ ट्रैकर्स हैं जो मलबे में दब गए थे। कुछ क्षेत्रों जैसे पिथौरागढ़ में गुंजी और दारमा, बागेश्वर में पिंडारी की तरफ और उत्तरकाशी में अभी तलाश और बचाव अभियान चल रहा है। इसके अतिरिक्त नैनीताल जिले के रामगढ में तीन लापता लोगों को ढूंढने के लिए भी अभियान चलाया जा रहा है।प्रदेश में अतिवृष्टि से हुए भारी नुकसान के लिए भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह ने कहा पूर्व में आपदा का रेड अलर्ट जारी करने के बावजूद सरकार कोई कार्य योजना तैयार नहीं कर पाई, और न ही आपदा प्रभावितों की सहायता के लिए सरकार आगे आई। गृह मंत्री अमित शाह ने प्रदेश का हवाई दौरा तो किया, लेकिन अब तक केंद्र सरकार से कोई राहत पैकेज की घोषणा नहीं की जा सकी है। यह उत्तराखंड में त्रासदी से प्रभावितों की अनदेखी है।नेता प्रतिपक्ष प्रीतम ने कहा मौसम विभाग की ओर एक दिन पूर्व ही भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया। साथ ही चेताया था, कि प्रदेश में 2013 वाले हालात फिर बन सकते हैं। लेकिन, मौसम विभाग की चेतावनी के बावजूद भाजपा सरकार ने दैवीय आपदा प्रबंधन की ओर कोई ध्यान नहीं दिया। अलर्ट जारी होते ही सरकार को चाहिए था, कि नदी नालों और तेज बहाव वाले क्षेत्रों के किनारे बसे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर विस्थापित किया जाए। सरकार तीन दिनों तक लोगों को मौत के मुंह में जाते हुए देखती रही। इस कारण आपदा से भारी जनहानि होने के साथ ही लोगों के मकान, जमीन और फसलें बर्बाद हो गई। आपदा के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने भी आपदा प्रभावित क्षेत्रों का हवाई दौरा किया। दुर्भाग्य है, कि आपदा प्रभावित लोगों और क्षेत्रों के लिए अब तक केंद्र सरकार से कोई राहत पैकेज की घोषणा नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि सन 2013 में कांग्रेस पार्टी ने साढ़े सात हजार करोड़ का पैकेज जारी किया था। इधर आपदा प्रभावित क्षेत्रों में अभी भी लोग फंसे हुए हैं, सड़कों की बुरी हालत है। यदि सरकार इसका प्रबंधन करने में फेल हो रही है तो इस्तीफा दे दें। कांग्रेस के पास इससे निपटने का प्रभावी रोडमैप है। उन्होंने दैवीय आपदा को लेकर केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित नियमों में बदलाव कर आपदा में जान गवाने वाले हर व्यक्ति को दस लाख रुपए मुआवजा और अन्य नुकसान की भरपाई के लिए आर्थिक मदद करने की मांग की है। आपदा प्रबंधन में ढिलाई का आरोप लगाते हुए पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत भी उत्तराखंड सरकार पर जमकर बरसे। हरीश रावत ने कहा कि सरकार को दिया 5 दिन का अल्टीमेटम खत्म हो चुका है। सरकार ने आपदा के 5 दिन बाद भी स्थितियों में कोई बदलाव नहीं किया है। आपदा पीड़ितों को कोई सरकारी मदद नहीं मिल पा रही है। हरीश रावत ने कहा कि खुद बीजेपी के लोग वीडियो भेजकर बता रहे हैं कि सरकार से कोई मदद नहीं मिल रही है।उन्होंने कहा कि केदारनाथ आपदा के बाद राहत कार्यों में ढिलाई पर कांग्रेस ने मुख्यमंत्री तक हटा दिया था।

एक केंद्रीय मंत्री के दौरे में बेतालघाट में भाजपा के ही कार्यकर्ता ने सवाल खड़े कर रहे हैं।आपदा प्रभावित क्षेत्रों में आज तक भी सहायता नहीं पहुंचाई गयी है। जब आधी रात को लोगों के घरों में पानी भरा तो लोग घर छोड़कर भागने लगे थे, जिसकी मुख्य वजह रही कि उन तक आपदा की सूचनाएं नहीं पहुंच रही थी।गली-मोहल्लों में सड़ रहा कूड़ा-करकट और मरे हुए जानवरों को हटाने के लिए उन्होंने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है।

## उपाय भी ठीक से हो

एक सास ने बहू से कहा, बहूरानी! मैं अभी बाहर जा रही हूं। एक बात का ध्यान रहे, घर में अंधेरा न घुसने पाए। बहू बहुत भोली थी। सास चली गई, सांझ होने को आई। उसने सोचा कि अंधेरा कहीं घुस न जाए, सारे दरवाजे बंद कर दिए। सब खिड़कियां बंद कर दीं। दरवाजे के पास लाठी लेकर बैठ गई। सोचा- दरवाजा खुला नहीं है, कोई खिड़की खुली है, कहीं भी कोई छेद नहीं। आएगा तो दरवाजा खटखटाएगा, लाठी लिए बैठी हूं, देखती हूं कैसे अन्दर आएगा। पूरी व्यवस्था कर दी। अंधेरा गहराने लगा। सोचा, कहां से आ गया! कहीं भी तो कोई रास्ता नहीं है। हो न हो दरवाजे से ही आ रहा है। अन्धकार को पीटना शुरू कर दिया। काफी पीटा कि निकल जाओ मेरे घर से! मेरी सास की मनाही है कि तुम्हें भीतर घुसना नहीं है! खूब लाठियां बजाई। लाठी टूटने लगी। हाथ छिल गए। लहूलुहान हो गए। अंधेरा तो नहीं गया। परेशान हो गई। सास आई। दरवाजा खोला। कहा, यह क्या किया? मैंने कहा था कि अंधेरे को मत आने देना घर में। वह बोली, %देखो, मेरे हाथ देख लो। लहूलुहान हो गए। लाठी टूट गई। मैंने बहुत समझाया, बहुत रोका, पर इतना जिद्दी है कि माना ही नहीं और यह तो घुस ही गया। सास ने सिर पर हाथ रखा। कहा, बहूरानी! अंधेरे को से मिटाया जाता है? क्या अंधेरा ?से मिटता है? समझी नहीं तुम बात को। सास ने दीया जलाया, अंधेरा समाप्त हो गया। उपाय के बारे में हमारी जानकारी सही नहीं होती तो हम प्रयत्न तो करते हैं, परिश्रम करते हैं, पर अंधेरा मिटता नहीं।

# गौरवमयी भारत में क्या है इंसानी जान की क़ीमत ?

**निर्मल रानी**

भारतवर्ष इस समय हालांकि बेरोज़गारी व मंहगाई जैसे भयंकर हालात का सामना कर रहा है उसके बावजूद सत्ता व सत्ता के शुभचिंतकों का पक्ष हमें हर हाल में यही समझाने की कोशिश में लगा रहता है कि देश की फ़िज़ाओं में मौसम गुलाबी है, फूलों में निखार है,बाग़ों में बहार है। देश के अनेक धार्मिक तीर्थस्थलों का विकास किया जा रहा है। इसी विकास को देश का विकास तथा देश के %गौरव की वापसी% का नाम दिया जा रहा है। पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड स्थित केदार नाथ धाम में आदि शंकराचार्य की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद अपने संबोधन में अयोध्या, मथुरा, काशी और सारनाथ अदि स्थानों में चल रहे देश के कई हिन्दू तीर्थ स्थलों के पुनरुद्धार का ज़िक्र करते हुए कहा कि हमारी विरासत को पुराना गौरव वापस मिल रहा है। प्रधानमंत्री हिंदुत्व तथा देश के सांस्कृतिक गौरव की बातें कर रहे थे। यह वही केदार नाथ था जहाँ 2013 में आयी भीषण बाढ़ में सैकड़ों तीर्थयात्री अपनी जानें गंवा बैठे थे और हज़ारों लोग लापता हो गये थे। सवाल यह है कि क्या तीर्थस्थलों के विकास मात्र से देश के चहुमुखी विकास के द्वारा भी खुलेंगे? क्या हमारे धार्मिक व सांस्कृतिक गौरव की वापसी हम भारतीयों में सुरक्षा का बोध करा पाने में भी सहायक होगी ? देश के विभिन्न क्षेत्रों से आये दिन आने वाली मानव क्षति संबंधी ख़बरें सुनने के बाद भी क्या हम कह सकते हैं कि बाग़ों में बहार है? उदाहरण के तौर पर देश के हॉस्पिटल्स को ही ले लीजिये। हॉस्पिटल्स को एक ऐसे स्थान के रूप में जाना जाता है जहाँ से किसी बीमार या अस्वस्थ मरीज़ केरी स्वस्थ व निरोगी होकर वापस लौटने की उम्मीद की जाती है। जहाँ किसी भी मरीज़ के संपूर्ण स्वास्थ्य लाभ की आस होती है। पूरे देश में प्रतिदिन लाखों रोगी विभिन्न अस्पतालों से स्वास्थ्य लाभ लेते हैं। परन्तु ज़रा कल्पना कीजिये कि कोई मरीज़ इन्हीं हॉस्पिटल्स से स्वस्थ होकर लौटने के बजाये यही अस्पताल ज़िंदा अवस्था में उसकी चिता का सबब बन जाये ? हॉस्पिटल्स में आग लगने की देश में



एक दो नहीं बल्कि दर्जनों घटनाएं घटित हो चुकी हैं। हर बार इसके अलग अलग कारण भी बता दिये जाते हैं। कोविड के दौरान जब कई अस्पतालों में ख़ास कर उनके कोविड वार्डस में आग लगी तो यह बताया गया कि ऑक्सीजन की लगातार आपूर्ति के चलते मशीनरी के अत्यधिक गर्म हो जाने व ऑक्सीजन लीकेज होने की वजह से आग लग गयी। कभी यह बता दिया जाता है कि बिजली के शार्ट सर्किट की वजह से आग लग गयी। तो देश में कई बार तो हॉस्पिटल्स में ऑक्सीजन की कमी के कारण भी मरीज़ों के प्राण त्यागने की ख़बरें आती रही हैं। हर बार इन सब हादसों का कोई न कोई कारण बता दिया जाता है। राज्य सरकारों द्वारा मृतक मरीज़ों को कुछ मुआवज़ा घोषित कर दिया जाता है ,घटना की जांच के आदेश देकर पीड़ित लोगों के ग़ुस्से को फ़िलहाल शांत किया जाता है। और ज़िंदिगी की गाड़ी ऐसे हादसे के अगले ही दिन फिर पूर्ववत पटरी पर दौड़ने लगती है। हॉस्पिटल्स में फ़ायर सेफ़्टी मेज़र्स थे या नहीं,थे भी तो उपयुक्त थे या नहीं, यदि नहीं थे तो फ़ायर सेफ़्टी मेज़र्स के बिना हॉस्पिटल कैसे चल रहा था , हॉस्पिटल्स में फ़ायर सेफ़्टी मेज़र्स संबंधी ऑडिट होते भी हैं या नहीं आदि प्रश्नों के उत्तर जनता को नहीं मिल पाते। नतीजतन गौरवमयी भारत में इस तरह के एक हादसे के बाद दूसरा हादसा बदनसीब मरीज़ों का इंतेज़ार करता रहता है।

स्वयं को आधुनिक राज्य बताने वाला महाराष्ट्र गत एक वर्षों में पांच बार ऐसे हादसों की ज़द में आ चुका है। जिनमें सत्तर से अधिक लोग अपनी जानें गंवा चुके हैं। आगज़नी की ताज़ातरीन घटना अहमदनगर ज़िला हॉस्पिटल के कोविड वार्ड की है जिसमें 11 मरीज़ ज़िंदा जलकर मर गये इनमें चार महिलायें भी शामिल थीं । अभी इस घटना को एक सप्ताह भी नहीं बीता था कि गत 8-9 नवंबर की रात मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के सुप्रसिद्ध हमीदिया अस्पताल के शिशु वार्ड में आगज़नी की घटना घटी जिसमें फ़िलहाल 4 बच्चों के झुलस कर मरने की ख़बर है। प्रधानमंत्री के गृह राज्य गुजरात में भी हॉस्पिटल्स में आगज़नी की कई घटनायें घट चुकी हैं।

# कहो तो कह दूँ - गधे तक तक लाखों में बिक रहे और इंसान की कोई कीमत नहीं

**सूडोकु नवताल- 5891**

★★★✫✩ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

**सूडोकु नवताल -5890 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**चैतन्य भट्ट**

सुना है मुग़ल बादशाह औरंगजेब के वक्त चालू किया गया गधों का मेला आज भी चित्रकूट में भरता है, दूर दूर से अपने गधों को लेकर व्यापारी इस बाजार में शिरकत करते हैं और फिर सलमान खान, दीपिका पादुकोण, शाहरुख़ खान, ऋतिक रोशन, रणवीर कपूर जैसे नामों वाले गधों के लिए बोली लगती है, पता चला है कि इस बार सबसे ज्यादा मंहगा गधा सलमान खान के नाम वाला बिका जिसकी कीमत डेढ लाख थी, उसके बाद दीपिका पादुकोण सवा लाख में, शाहरुख़ खान सत्तर हजार में रणवीर वीर सिंह पचास हजार में और ऋतिक के नाम का गधा तीस हजार में बिक गया द्य लोग बाग़ कहते हैं कि क्या दिन आ गए हैं गधे लाखों में बिक रहे हैं कुत्ते का पिल्ला पच्चीस से पचास हजार में बिकता है गाय, बैल यंहा तक कि सूअर भी खासे दामों में बिकते है लेकिन इंसान की कोई कीमत नहीं है, तो भैया इंसान ने खुद अपनी औकात घटा ली है, भगवान् ने उसे दिमाग और मुंह इसलिए दिया था कि वो अच्छी बातें सोचेगा, अच्छे काम करेगा लेकिन यंहा तो उल्टा ही हो रहा है जितनी बदमाशी, लुच्चोंही, टुच्चोंही, बेईमानी, घटियागिरि, धोखाधड़ी, नमक हरामी इंसान कर रहा है उसका कोई सानी नहीं है । गधा कम से कम बेईमान तो नहीं है कितना भी बोझा लाद दो चुपचाप उस बोझे को ढोता रहता है, लेकिन इंसान जिन माँ बाप ने जिंदगी भर उसको पाल पोसकर बड़ा किया बुढ़ापे में उनका बोझा ढोने में आगे पीछे होता है द्य कुत्ता अगर एक बार पाल लो तो जिंदगी भर



वफादारी निभाता है लेकिन इंसान, वफादारी शब्द तो उसकी डिक्शनरी में है ही नहीं, जब मौका मिलता है गच्चा दे देता है, बेईमानी तो कूट कूट कर भरी है इंसान के भीतर, जिस थाली में खाता है उसमे छेद करने का मौका ही ढूंढता रहता है द्य गाय दूध देने के काम आती है तो बैल हल में जुत कर फसल को तैयार करने में अपनी भूमिका निभाता हैद्य जो लोग बाग़ इस बात का रंज कर रहे है कि इंसान की कोई कीमत नहीं बची है वे खुद ही सोच लें कि इंसान की कीमत धेले भर की क्यों नहीं है, अपने कर्मों से इंसान ने अपने आप को बेदाम बना दिया है ऊपर वाले ने तो बहुत सोच विचार कर इंसान बनाया था लेकिन जमीन पर आते ही इंसान ऊपर वाले की तमाम शिक्षा को भूलकर अपने स्वार्थों की पूर्ति में जुट गया द्य भाई भाई को मारने लगा, बाप बेटे की और बेटा बाप की हत्या से पीछे नहीं रहा , बलात्कार, हत्या, लूटपाट, डकैती, चोरी ये सब इंसान ही तो कर रहा है , ये कभी सुना की किसी गधे ने दूसरे गधे को लूट लिया हो नहीं न, तो जब इंसान ने अपने आप को खुद ही इतना गिरा हुआ बना लिया है तो उसकी कीमत क्या होगी खुद ही सोच लो द्य

कृषि मंत्री के मुंह में घी शक्कर

मध्य प्रदेश के कृषि मंत्री कमल पटेल ने गजब की भविष्य वाणी कर दी है, सारा संसार इस भविष्य वाणी से झूमने लगा है, आसमान से फूलों की वर्षा हो रही है, किन्नर, गन्धर्व,देवता कृषि मंत्री की स्तुति में जुट गए हैं, साधु संत शंख बजा बजा कर उनका इस्तकबाल कर रहे हैं द्य लोगों को बड़ी उत्सुकता है कि ऐसा क्या कर दिया या क्या कह दिया अपने कृषि मंत्री ने तो हम बतलाये देते हैं, कृषि मंत्री जी ने जबलपुर में कहा कि तीन साल के भीतर देश से गरीबी और बेरोजगारी पूरी तरह दूर हो जाएगीद्य पता नहीं कृषि मंत्री को कौन सा अलादीन का चिराग मिल गया है जो तीन साल में देश से गरीबी और बेरोजगारी दूर कर देगा द्य इंदिरा गांधी को इस दुनिया से गए कई बरस बीत गए उन्होंने नारा दिया था ÷गरीबी हटाओ÷ गरीबी तो हटी नहीं गरीब जरूर हट गया , कितनी ही सरकारें आईं कितने नेता आये कितने प्रधान मंत्री बदले लेकिन गरीबी लगातार बढ़ती ही गई, इधर कोरोना ने जो रोजगार में लगे थे उनको भी बेरोजगार बना दिया, अब कृषि मंत्री कह रहे हैं कि मात्र तीन साल में गरीबी दूर हो जाएगीद्य मान गए कृषि मंत्री जी को वैसे तो नेताओं की बातों पर भरोसा नहीं करना चाहिए।

## महँगाई के सामने अब सारे मुद्दे फेल दिख रहे...!

**नईम कुरैशी**

भारत में 15 फीसद लोग आज भी 60-70 प्रतिशत पदों पर मौजूद रखे जा रहे हैं उसके लिये सीधे-सीधे जिम्मेवार ऊँची जातियों का, पिछड़ों, दलितों व अल्पसंख्यकों के खिलाफ झूठा प्रचार अभियान है। हालांकि केन्द्रीय सत्ता पार्टी के खिलाफ महँगाई बढ़ाने का आरोप अब खुलकर सड़कों पर आ गया है। नतीजे में 32 लोकसभा व विधानसभा चुनाव के हाल ही में आये रिजल्ट हैं। जहाँ राजस्थान, हिमाचल से लेकर दक्षिण तक भारतीय जनता पार्टी व संघ परिवार का सफाया होता देखा जा रहा है वहीं उत्तर प्रदेश में हाल ही में सम्पन्न होने वाले चुनावों में वहां भी सत्ता दल भा.ज.पा. सरकार के पुलिस प्रशासन के अत्याचारों के खिलाफ आम जन संगठित होते दिखाई दे रहे हैं। यू.पी. के 75 जिलों में सभी जगह भा.ज.पा. के खिलाफ आम लोग हैं। सियासी पंडित यहां हर जिले से 2 विधायकों को सत्ता दल से अपनी सीट खोने का डर सता रहा है।

उधर पिछड़े, दलितों में ये अब माना जा रहा है कि ये सरकार अवस्थियों, त्रिपाठियों व शर्माओं के हित वाली सरकार है। मायावती भी उनकी आरती करने में मशगूल हैं। सिर्फ अखिलेश यादव अपने कुनबे को संगठित करने में कुछ सफल दिखाई दे रहे हैं बशर्ते वह यादवों से कुछ बाहर आ सकें। उधर संघ परिवार झूठी अफवायें फैलाने व हिन्दू-मुसलमान करने व मंदिर-मस्जिद, कब्रस्तानों की चर्चायें करके महँगाई, बेरोजगारी, प्रशासन व सरकार की लूट से आमजन का ध्यान हटाने में मशगूल भर हैं। यू.पी. में योगी आदित्यनाथ जो पुजारी की वेशभूषा में रहकर सिर्फ ऊँची जातियों को संरक्षण भर देने का काम करते देखे जा रहे हैं। यहाँ महिलाओं खासतौर से दलित व पिछड़ी वर्ग की महिलाओं की आबरू यू.पी. में सरकार व पुलिस नहीं बचा पा रही है। सिर्फ नफरतें फैला रही है।

उत्तर प्रदेश में ब्राम्हणों की हत्या पर सरकार एक करोड़ व बनियों को 50 लाख मुआवजा दे रही है व पिछड़े व दलितों को ये सरकार महज 10 लाख रुपये का मुआवजा भर देती है। 1970 में माया त्यागी की आबरू लूटने व उसके पति की हत्या जैसे काण्ड होना 50 साल बाद भी जारी हैं। यू.पी., गोआ, उत्तराखण्ड आदि में संघ परिवार को महँगाई व बेरोजगारी तथा पुलिस प्रताड़ना का मुद्दा काफी भारी पड़ना तय माना जा रहा है। म.प्र. में शिवराज सिंह जरूर अभी भी अपने शासन व प्रशासन को गैर संवेदनशील होने से बचाये हुए हैं। उनकी लोकप्रियता भी कुछ बची हुई है पर राजस्थान में इनका बंटाढार हो गया है।

# जिला स्तरीय यातायात समिति की बैठक पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में संपन्न



**मुरैना।** जिले में घटनायें, दुर्घटनायें रूकें, इसके लिये सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें। इसके साथ ही सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को उठाकर समुचित ईलाज कराने में सहयोगी बनें। इसके लिये शासन द्वारा अलग से 5 हजार रूपये के ईनाम की सुविधा भी है। यह बात पुलिस अधीक्षक ललित शाक्यवार ने शुक्रवार को जिला स्तरीय यातायात समिति की बैठक को संबोधित करते हुये कही। इस अवसर पर अपर कलेक्टर नरोत्तम भार्गव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रायसिंह नरवरिया, नगर निगम कमिश्नर संजीव कुमार जैन, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्रीमती अर्चना परिहार, अतिरिक्त जिला सीईओ, शिक्षा, एनएचआई सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। पुलिस अधीक्षक ललित शाक्यवार ने कहा कि विगत 3 वर्षों में सड़क दुर्घटनायें बड़ी है, इन्हें रोकने के लिये हम सभी को भरसक प्रयास करने होंगे। जहां आवश्यक हो, वहां सड़कों पर सायनबोर्ड, डिवाइडर आदि का प्रयोग किये जा सकते है।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मुरैना शहर के अन्तर्गत 2 से ढाई हजार ई-रिक्शा संचालित है। इनका समिति के समक्ष में किराया निर्धारित करें और रूट चार्ट निर्धारित किये जायें, प्रत्येक रूट पर 200-200 रिक्शा चलवायें जायें। उन ई-रिक्शों के पिछले हिस्सों पर कहां से कहां तक जाना, नंबरिंग एवं कलर भी करवायें जाये। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि गड़बड़ी करने वाले या रूट से हटकर चलने वाले ई-रिक्शा चालकों को थाने में बंद किया जाये। इस प्रकार के एक सप्ताह के अंदर पोस्टर, बैनर लगवायें जायें, प्रचार-प्रसार भी कराया जाये। पुलिस अधीक्षक श्री शाक्यवार ने कहा कि चालान टीम अपना कार्य तेजी से करें, प्रतिदिन रोंग साइड या स्पीड से अधिक चलने वाले कम से कम 10 वाहनों के खिलाफ चालानी कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि बैठक में लिये गये निर्णोयों पर असर दिखना चाहिये। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि प्रत्येक थानों से रिपोर्ट मंगाई जाये कि विगत 3 वर्षों में कितने एक्सीडेन्ट हुये, कितने लोगों की मृत्यु हुई, कितने लोग अपाहिज हुये। पुलिस अधीक्षक ने कहा ट्रेक्टरों-ट्रॉलियों के पीछे रेडियम नंबर की प्लेट लगवाई जाये।

# विकासखंड कैलारस में एनएएस की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न



**कैलारस।** जनपद शिक्षा केंद्र कैलारस के अंतर्गत 16 सैंपल शालाओं में एन ए एस की सर्वे का कार्य सफलतापूर्वक आयोजित की गई। परीक्षा के सफल संचालन में डीईओ सुभाष शर्मा, डीपीसी मुन्ना सिंह तोमर, एपीसी एकेडमी पंकज शर्मा, एवं प्रभारी कृष्ण वीरसिंह तोमर, राजेश अवस्थी डाइट मुरैना, बीईओ जालिम सिंह धाकड़ एवं बीआरसीसी दफेदार सिंह सिकरवार के कुशल मार्गदर्शन में इस विकासखंड में एनएएस सर्वे का कार्य शांतिपूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें समस्त एकेडमिक टीम बीएसी एवं सीएसी एवं शिक्षकों का काफी महत्वपूर्ण सहयोग रहा, जिन्होंने दीपावली की छुट्टियों में भी बच्चों का शैक्षणिक कार्य कराया। एनएएस की संपूर्ण तैयारी शासन की मंशा के अनुरूप कराई तथा सभी शालाओं की साफ-सफाई एवं पुताई का कार्य समय पर पूर्ण कराया व शासन के निर्देशानुसार सर्वे के इस महत्वपूर्ण कार्य में अपना पूर्ण योगदान दिया। इस सहयोग के लिए बीई ओ जालिम सिंह धाकड़, एवं बीआरसीसी दफेदार सिंह सिकरवार द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया है और निकट भविष्य में भी सभी शैक्षणिक कार्यों में इसी प्रकार सहयोग करने की उम्मीद जाहिर की है।

## महंगाई के विरोध में कांग्रेस की जन जागरण यात्रा आज

**मुरैना।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पालन में आज 14 नवंबर को कांग्रेस की जन जागरण यात्रा निकाली जाएगी, जन जागरण यात्रा के संबंध में जानकारी देते हुए मध्य प्रदेश कांग्रेस के महासचिव एवं जौरा विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी रहे पंकज उपाध्याय व ब्लॉक कांग्रेस कमेठी के अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह सिकरवार ने बताया कि बढ़ती महंगाई एवं किसानों की समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर आज रविवार को जौरा में जन जागरण पदयात्रा का आयोजन रखा गया है, जिसमें मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी सुधांशु त्रिपाठी विशेष रुप से उपस्थित रहेंगे। इनके साथ मुरैना से कांग्रेस विधायक जिला अध्यक्ष राकेश मावई भी जन जागरण यात्रा में सम्मिलित रहेंगे। श्री उपाध्याय व श्री सिकरवार ने संयुक्त रूप से बताया कि यह कार्यक्रम ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की देखरेख में कराया जा रहा है, उन्होंने यह भी बताया कि बढ़ती हुई महंगाई पर कोई नियंत्रण ना होना अर्थव्यवस्था तेजी से गिरना एवं किसानों की समस्याओं का निराकरण ना होना भी परेशानी का सबब बना हुआ है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जन जागरण यात्रा का यह आयोजन किया जा रहा है। श्री उपाध्याय एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह चिंटू ने सभी कांग्रेसी कार्यकर्ताओं किसानों व्यापारियों आम जनों से केंद्र की भाजपा एवं मध्य प्रदेश सरकार की जन विरोधी नीतियों को लेकर आयोजित जन जागरण यात्रा में सम्मिलित होने की बात कही है।

# माकपा का नगर कमेटी का सम्मेलन संपन्न, राजेश गुप्ता सचिव मनोनीत



**कैलारस।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की नगर इकाई के सम्मेलन की शुरुआत ध्वजारोहण से की गई। शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और सम्मेलन का स्थल का नामकरण वरिष्ठ वामपंथी नेता साथी गणेश मरैया के नाम से किया गया। इस दौरान सम्मेलन में नगर इकाई का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से पूर्व व्यापार मंडल के अध्यक्ष जुझारू नेता राजेश गुप्ता को सचिव चुना गया। इसके साथ ही जिला सम्मेलन के लिए प्रतिनिधियों का भी चयन हुआ। सम्मेलन को संबोधित करते हुए माकपा के राज्य सचिव जसविंदर सिंह ने कहा कि देश में माकपा ही एक मात्र ऐसी पार्टी है जिसमें नेतृत्व का निर्वाचन और नीतियों का निर्धारण लोकतांत्रिक तरीके से सदस्यों द्वारा किया जाता है। माकपा ही देश एक मात्र ऐसी पार्टी है जो भाजपा की नव उदारवादी नीतियों और सांप्रदायिकता के खिलाफ संघर्ष कर रही है। इस दौरान मोदी की लोकप्रियता भी 64 से घटकर 21 पर आ गई है। ऐतिहासिक किसान आंदोलन जारी है। सरकार आंदोलन को कुचलना चाहती है। लेकिन हमें विश्वास है कि सरकार किसानों की मांगें मानने के लिए बाध्य होगी और अंतिम जीत किसानों की होगी। जसविंदर सिंह ने सरकार की नीतियों से जनता की बदहाली और बर्बादी के विरोध में जनता को लामबंद करने की अपील की। सम्मेलन को पार्टी के राज्य सचिव मंडल सदस्य अशोक तिवारी जिला सचिव गयाराम सिंह धाकड़ आदि ने संबोधित किया। सम्मेलन की अध्यक्षता वरिष्ठ माकपा नेता राजेश गुप्ता ने की।

## सड़क दुर्घटना में घायल 3 लोगों को आर्थिक सहायता स्वीकृत

**मुरैना।** सामान्य प्रशासन विभाग के आदेशानुसार सड़क दुर्घटना में 3 लोगों को आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। राशि कलेक्टर बी.कार्तिकेयन के निर्देशानुसार जारी की गई है। सुभाष नगर तुस्सीपुरा निवासी रामवीर पुत्र सरनाम सिंह 14 मार्च को यूपी-80-बीएम-3377 से सड़क दुर्घटना में घायल हो गये थे। तहसीलदार मुरैना के प्रतिवेदन के आधार पर रामवीर पुत्र सरनाम सिंह को साढ़ सात हजार रूपये, वहीं जौरा तहसीलदार के प्रतिवेदन के आधार पर कांसपुरा तहसील जौरा के अनिल एवं दीपक पुत्र सरनाम सिंह साढ़े सात-साढ़े सात हजार रूपये की आर्थिक स्वीकृत की गई है। विदित है कि अनिल एवं दीपक पुत्र सरनाम सिंह को 2 जुलाई 2020 को निटहरा के समीप एमपी-06-सीबी-0921 से

# ब्राह्मण अंतर्राष्ट्रीय संगठन में संभागीय उपाध्यक्ष बने शरद पाराशर




**मुरैना।** ब्राह्मण अंतर्राष्ट्रीय संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डी डी मिश्रा के निर्देशानुसार वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ के एन मिश्रा, संभागीय संयोजक संजय उपाध्याय की अनुशंसा पर संभागीय अध्यक्ष हरीश पाठक ने वरिष्ठ समाज सेवी भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य शरद पाराशर निवासी सबलगढ को ब्राह्मण अंतर्राष्ट्रीय संगठन चंबल संभाग का संभागीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं प्रभारी (सबलगढ) मनोनीत किया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री उदय मिश्रा, पूर्व मंत्री बालेंद शुक्ल ने कहा कि उन्हें आशा है कि नवनियुक्त संभागीय उपाध्यक्ष शरद पराशर समाज के हित में काम करते हुए संगठन की एकता को ऊंचे शिखर पर ले जायेंगे। इस अवसर पर शरद पराशर ने सभी वरिष्ठ जनों व युवा साथियों के प्रति साधुवाद ज्ञापित किया व यह विश्वास दिलाया कि समाज ने मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी है उसे वह सभी के सहयोग से अच्छे ढंग से निभाएंगे, जिससे समाज का गौरव बढे। इनके मनोनयन पर सभी मित्रों एवं भाजपा के नेताओं ने शुभकामनाएं दी हैं।

## प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय जागरूकता शिविर संपन्न

**मुरैना।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मुरैना के सभागार में खादी और ग्रामोद्योग आयोग भोपाल द्वारा स्वरोजगार के लिये संचालित योजना ''प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अन्तर्गत एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। खादी ग्रामोद्योग आयोग भोपाल के प्रतिनिधि सुन्दरपाल ने पी.एम.ई.जी.पी. पोर्टल पर आवेदन करने की पूर्ण जानकारियां छात्राओं को बताई। उन्होंने बताया कि यह योजना तकनीकी कौशल प्राप्त छात्रों के लिये एक वरदान साबित हो रही है। इस कार्यक्रम का आयोजन प्रशिक्षण संस्थान होने का कारण एक सफलता का सूचक है।

# सुकन्या खाते खुलवाकर बेटियों को समर्द्ध करने का आव्हान




**मुरैना।** सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाएं घर-घर में खुशहाली लाएं की अवधारणा के साथ भारत सरकार द्वारा बेटी बचाओ एवं बेटी पढ़ाओ के तहत बालिकाओं की उच्च शिक्षा तथा विवाह हेतु व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए यह योजना शुरू की गई है।

इस योजना के अन्तर्गत जन्म से लेकर 10 वर्ष की आयु तक की बेटियों का खाता खुलवाया जा सकता है, जमाकर्ता बेटी के नाम से एक ही खाता खोल सकता है। यदि माता-पिता या संरक्षक दो बेटियों के अलग-अलग एक खाता खोल सकते हैं, यदि जुड़वा बेटियां है तो जन्म प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर तीसरा खाता भी खोला जा सकता है, यह खाता एक वित्तीय वर्ष में 250 रूपये से शुरू किया जा सकता है। बच्ची की उम्र 18 वर्ष पूर्ण होने पर सुकन्या समृद्धि खाता में जमा राशि का 50 प्रतिशत राशि निकाला जा सकता है। बेटी की उम्र 21 वर्ष पूर्ण होने पर खाता परिपक्व होगा, बालिका का विवाह 18 वर्ष के बाद या 21 वर्ष के पहले होता है तो खाता बंद कर दिया जाएगा और ब्याज सहित समस्त रकम दे दी जाएगी। इसी प्रकार इस योजना से आयकर में छूट का लाभ भी मिलता है और देश के किसी भी हिस्से में स्थानातांरित किया जा सकता है। खाता खोलने के लिए जरूरी दस्तावेज, जन्म प्रमाण पत्र, माता-पिता का फोटो पहचान पत्र, एड्रेस प्रूफ और माता-पिता की फोटो आवश्यक है। खाते मे न्यूनतम 250 रूपये अधिकतम 01 लाख 50 हजार रूपये वार्षिक जमा किया जा सकता है।

## आयुक्त चंबल संभाग ने जनपद सीईओ पहाडगढ़ को किया निलंबित

**मुरैना।** कलेक्टर बी.कार्तिकेयन के प्रतिवेदन के आधार पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पहाडगढ़ एपी प्रजापति को चंबल कमिश्नर आशीष सक्सेना ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय जिला पंचायत भिण्ड रहेगा। चंबल संभाग के कमिश्नर श्री सक्सेना ने बताया कि शासन द्वारा 25 मार्च 2021 को जनपद पंचायत पहाडगढ़ में पदस्थ किया गया था, इनके द्वारा मनरेगा योजनान्तर्गत सामग्री भुगतान के लिये 602.11 लाख रूपये का ऑनलाइन आवंटन प्रदान किया गया तथा प्राप्त आवंटन के विरूद्ध प्रजापति ने 748.69 लाख रूपये का भुगतान किया जाकर प्राप्त आवंटन से 146.58 लाख

# झारखंड के व्यक्ति की लाश डोमपुरा हार में मिली, पुलिस जांच में जुटी



**मुरैना।** शनिवार की सुबह सिविल लाइन थाना पुलिस ने डोमपुरा के हार से से झारखंड के एक व्यक्ति की लाश संदिग्ध अवस्था में बरामद की है। मृतक की जेब से मिले टिकट के चलते उसकी शिनाख्त हो सकी और परिजनों को सूचना कर दी गई है। मृतक का पीएम रविवार को कराया जाएगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सिविल लाइन थाना पुलिस को शनिवार की सुबह 8 बजे के लगभग सूचना मिली की डोमपुरा हार में एक व्यक्ति की लाश पड़ी हुई है। लाश की सूचना पाकर पुलिस हतप्रभ रह गई और तत्काल मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी विनय यादव के अनुसार मृतक के शरीर पर कोई निशान नहीं पाए गए हैं और कपड़े भी पूरे पहने हुए था। मृतक की जेब की तलाशी लेने पर रेलवे का एक टिकट मिला है, जिससे उसकी शिनाख्त अजय जौज्वार 47 वर्ष निवासी झारखंड के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि मृतक शादीशुदा है और उसकी पत्नी एवं दो बच्चियां दिल्ली में रहती हैं। थाना प्रभारी ने संभावना जाहिर की है कि अत्यधिक शराब पीने के दौरान किसी के द्वारा उसके नाजुक अंग में लात मार दी गई है और इसी के चलते उसकी मौत हुई है।

# बिरसा मुंडा जयंती समारोह में अंचल के सैकड़ों आदिवासी भाग लेंगे : रजौधा



**कैलारस।** भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित आदिवासी नेता बिरसा मुंडा के जन्मदिन को आदिवासी जनजाति दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर पार्टी द्वारा भोपाल में विशाल महासम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन में जौरा विधानसभा के सैकड़ों आदिवासी शिरकत करेंगे। उक्त जानकारी पत्रकार वार्ता में क्षेत्रीय विधायक सूबेदार सिंह रजौधा ने कही।

विधायक सूबेदार सिंह रजौधा ने बताया कि बिरसा मुंडा महान आदिवासी नेता थे। उन्होंने आदिवासी जनजाति लोगों के लिए शिक्षा और उत्थान के लिए बहुत कार्य किए। उनके द्वारा किए गए कार्य आदिवासी समाज में आज तक याद किए जाते हैं, इसलिए ऐसे महान आदिवासी नेता के जन्मदिवस को आदिवासी गौरव दिवस के रूप में मनाने का पार्टी द्वारा निर्णय लिया है। इस अवसर पर भोपाल में महा सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करेंगे। सम्मेलन में मेरी विधानसभा से बसों द्वारा हजारों आदिवासी बंधु भोपाल आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। प्रत्येक बस में पार्टी द्वारा अधिकृत पार्टी पदाधिकारी प्रभारी के रूप में आदिवासी बंधुओं के साथ रहेगा। सम्मेलन में आदिवासी बंधु अधिक से अधिक भाग ले सकें, इसके लिए आदिवासी अंचल के गांव में उनके घर तक बसों की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों के उत्थान, विकास के लिए व शिक्षा के लिए प्रदेश की सरकार शिवराज सिंह के नेतृत्व में आदिवासी विकास के लिए कटिबद्ध है। आदिवासी अंचल में प्रदेश सरकार द्वारा अनेक विकास योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। पत्रकार वार्ता में क्षेत्रीय विधायक सूबेदार सिंह रजोधा के अलावा मंडल अध्यक्ष राजू गुप्ता, हेमंत धाकड़, महेश श्रीवास्तव, वीरेंद्र बसेड़िया, सियाराम सिंह सिकरवार, बृजेश बंसल, अशोक राणावत, पवन कुमार सिंह रजौधा विशेष रूप से उपस्थित थे।

# भिण्ड में मेडिकल कॉलेज लेकर रहेंगे- रघु ठाकुर

**लोसपा का एक दिवसीय धरना एवं आमसभा संपन्न, आमसभा को लोसपा के राष्ट्रीय संरक्षक श्री रघु ठाकुर जी ने किया संबोधित**

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी का एक दिवसीय धरना एवं आम सभा धनवंतरी कॉन्प्लेक्स मैं संपन्न हुआ। धरना एवं आम सभा को संबोधित करते हुए देश के प्रख्यात समाजवादी चिंतक व विचारक लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय संरक्षक श्री रघु ठाकुर जी ने कहा कि भोपाल में पांच सरकारी व निजी मेडिकल कॉलेज हैं छठवां एम्स है, झांसी एवं दतिया में मेडिकल कॉलेज हैं जबकि दतिया से झांसी महज़ 25 किलोमीटर दूर है। भोपाल से विदिशा नजदीक होने के वावजूद भी विदिशा में मेडिकल कॉलेज है। मुरैना से ग्वालियर की दूरी 30 किलोमीटर है कुछ ही समय में मुरैना से ग्वालियर पहुंचा जा सकता है। जबकि ग्वालियर से भिण्ड की दूरी 80 किलोमीटर है और भिण्ड का आखिरी कोना तो सवा सौ से डेढ़ सौ किलोमीटर दूर है। फिर भी भिण्ड में मेडिकल कॉलेज नहीं है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में चुनाव हैं तो मोदी जी घोषणा कर रहे हैं कि यहां हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोला जाएगा, योगी जी ने भी 14 जिलों में मेडिकल कॉलेज खोलने की घोषणा की है। उत्तर प्रदेश से भिण्ड जिला बहुत पिछड़ा है इसी प्रकार मध्यप्रदेश में भी भिण्ड जिला सबसे पिछड़ा जिला है। यहां दूसरे जिलों से मेडिकल खोलने की ज्यादा आवश्यकता है लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के द्वारा पिछले दिनों भिण्ड में मेडिकल कॉलेज खोलने को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया था। आज इसी क्रम में एक दिवसीय धरना दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम भिण्ड के लोगों को साथ लेकर एक दिन के लिए मेडिकल कॉलेज की मांग को लेकर भिण्ड बंद भी करेंगे परंतु भिण्ड में मेडिकल कॉलेज लेकर रहेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार से पंचवर्षीय कोटे में मध्यप्रदेश को जो मेडिकल कॉलेज मिलने वाले हैं उनमें से सबसे पहले एक मेडिकल कॉलेज भिण्ड में खोला जाए। इस अवसर पर श्री ठाकुर ने मंच से नारे लगाते हुए कहा कि भिण्ड के लिए मेडिकल कॉलेज लेकर रहेंगे। उन्होंने नारा लगाते हुए बुलंद आवाज में कहा कि लड़कर




लेंगे अडके लेंगे मेडिकल कॉलेज लेकर रहेंगे। श्री ठाकुर ने केंद्र सरकार के अहमदाबाद में स्थित गांधी जी के साबरमती आश्रम को तोड़ कर नया आश्रम बनाने को लेकर कहा कि केंद्र सरकार अहमदाबाद में गांधी जी के साबरमती आश्रम मैं बने उनके उस कमरे को न तोड़े। जिसमें गांधीजी रहते थे। उनके पास मात्र 7 चीजें थी एक चटाई, एक गधेली, एक तकिया, एक चादर, एक ओढ़नी, एक बैठने की लकड़ी की बैठक और उसकी विछौनी। इन 7 चीजों के अलावा गांधीजी के पास कुछ नहीं था। गांधी जी के इस कमरे को तोड़कर अब वहां नया आश्रम बनाया जा रहा है जिसमें बताया जा रहा है कि 12 सौ करोड रुपए खर्च होंगे। हम केंद्र सरकार से मांग करते हैं कि केंद्र सरकार यदि पास की खाली जगह पर दूसरा आश्रम बनाती है तो हमें कोई आपत्ति नहीं है परंतु गांधी जी के स्मृति चिन्हों व कमरे को वगैर तोड़े अर्थात उसे यथावत रखें उनसे कोई छेड़छाड़ ना हो। यह कमरा बापू के जीवन मूल्यों का प्रतीक है। सारी दुनिया में गांधी जी सादगी प्रकृती संरक्षण मितव्यवता के प्रतीक है। उन्होंने अभिनेत्री कंगना रनौत के बयान कि आजादी हमें भीख में मिली है पर बोलते हुए कहा कि कंगना रनौत ने इतिहास की किताबें नहीं पड़ी हैं। इसलिए उन्हें इसकी समझ नहीं है। आजादी की लड़ाई में देश के कई लाख लोग जेल में गए, लाखों लोगों ने कुर्बानियां दीं, कई हजार सूली पर चढ़ाए गए, लाखों हिंदुस्तानियों ने अपना खून बहाया तब जाकर हमें आजादी मिली है। ब्रिटिश काल की आखरी संसद के सत्र में भी इस बात को वहाँ की हुकुमत के कथन दर्ज है कि अब हिंदुस्तान में ब्रिटिश हुकूमत चलाना बहुत कठिन व मुश्किल है। श्री ठाकुर ने सभी राजनेतिक दलों, व्यापारी, मजदूर व छात्र संगठनों, सामाजिक संगठनो से सहयोग की अपील की।कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शंभू दयाल बघेल ने की। मंच का संचालन प्रदेश महासचिव निसार कुरैशी ने किया। पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम सुंदर यादव, रूपेन्द्र सिंह राणा, रहीस अंसारी विकास भदोरिया ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता असगर खान, ग्वालियर से अजय सिंह यादव, पूर्व सीएमएचओ राकेश शर्मा, गणेश बघेल, हाकिम पठान, कमरुद्दीन खान, आसिफ खान, विकास कुशवाह, भानु प्रताप बघेल, सुनील यादव, रामाधार कुशवाह, रामदास सविता, संजीव कुशवाह, सूबेदार राठौर, अब्दुल सलाम आदि सेकडों लोग उपस्थित थे। श्री रघु ठाकुर जी के आवाहन पर उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया कि हम मेडिकल कॉलेज के लिए अंतिम दम तक संघर्ष करेंगे।

*असगर खान*
**प्रदेश प्रवक्ता लोसपा**

## वन-टू-वन

### खेरागढ़ में लगे विशाल स्वास्थ्य मेले में लगभग10 हजार लोगो ने स्वास्थ्य लाभ लिया





**संजय सिंह तोमर रिपोर्टर**
**पुष्पांजली टुडे**

खेरागढ़ कस्बे के अग्रवाल भवन परिसर मे आज विशाल स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ दीनदयाल बाबा धाम के महंत रामदास जी महाराज ने फीता काटकर किया गया। स्वास्थ्य मेले में मेदांता हॉस्पिटल गुड़गांव,पुष्पांजलि हॉस्पिटल आगरा,विम्स हॉस्पिटल आगरा ,नेमिनाथ होम्योपैथी हॉस्पिटल आगरा,कल्याणं करोति नेत्र चिकित्सालय मथुरा,पतंजलि मेगा स्टोर सहित स्वास्थ्य सेवा से जुड़े नाक कान गला,मूत्र रोग,स्त्री रोग,प्रसूति रोग,हड्डी रोग,फिजीशियन, दन्त रोग,बालरोग,नेत्र रोग हृदय रोग विशेषज्ञ, फिजियोथेरेपी विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं होम्योपैथी चिकित्सक व आयुर्वेदिक वैद्यों ने क्षेत्र से आये दस हजार के लगभग लोगो की जांच की । पूर्व जिलापंचायत सदस्य सुधीर गर्ग गुड्डू और श्रीमती कृष्णा गर्ग उपाध्यक्ष महिला मोर्चा आगरा द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर में निःशुल्क जांच ,एक्सरे और दवायें की सुविधा व आंखों के निःशुल्क ऑपरेशन हुए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से माधव गर्ग,नवीन राजावत,सुमित गर्ग,सुरेन्द्र कुमार लवानियां,संजय बंसल,कोमल सिकरवार, महेश गर्ग, पवन मेडिकल,लक्ष्मीनारायन कुशवाह इत्यादि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित हुए।कार्यक्रम का कुशल संचालन सूरज शर्मा भाकरिया ने किया।कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी क्षेत्रवासियों का हार्दिक आभार प्रकट किया। कार्यक्रम आयोजक सुधीर गर्ग गुड्डू ने स्वयं असहाय मरीजों का रजिस्ट्रेशन कराकर उनकी जांच कराकर इलाज कराया।

### महात्मा गांधी विद्यालय दो पारी में होने के बाद शिक्षा अधिकारियों ने किया निरीक्षण



**पुष्पाजंली टुडे**

**पाली :–** मारवाड़ जंक्शन 10 नवंबर कस्बे के समीपवर्ती महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय मैं कक्षा कक्षों की कमी की वजह से विद्यालय दो पारी में संचालित किए जाने के बाद अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी देवाराम प्रजापत व आरपी हापुराम द्वारा विद्यालय के कक्षा कक्षों और विद्यार्थियों की बैठक व्यवस्था को लेकर निरीक्षण किया गया , संपूर्ण व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित होने पर अधिकारियों ने प्रधानाचार्य डॉ प्रदीप पालीवाल व व्याख्याता देवेंद्रसिंह मीणा की भूरी भूरी प्रशंसा की । विद्यालय दो पारी में किए जाने को लेकर देवेंद्रसिंह मीणा द्वारा मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी शंकरसिंह उदावत का भी साफा व माला पहना कर आभार स्वरूप स्वागत किया गया।

## युवा नेता के निवास पहुंचे पूर्व मंत्री का हुआ भव्य स्वागत

**दबोह( अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे)**

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मंत्री ध्यानेन्द्र सिंह मामा का दबोह आगमन पर भारतीय जनता पार्टी के नेताओ ने पुष्प माला पहना कर भव्य स्वागत किया।अपने अल्प प्रवास पर पूर्व जिला उपाध्यक्ष पूर्व ग्वालियर चंबल संभाग प्रभारी व वर्तमान मण्डल महामंत्री राव सहाव गुर्जर दबोह के परिवार जनों से भेंट वार्ता करने पहुचे।भाजपा के बरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री ध्यानेन्द्र मामा व उनके पुत्र कुँअर पीताम्बर प्रताप सिंह का भाजपा के महामंत्री राव सहाब गुर्जर के निबास पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।साथ ही मामा ने सभी कार्यकर्ताओं से पार्टी को लेकर बिस्तृत चर्चा की उनके साथ उनके पुत्र पीताम्बर प्रताप सिंह भाजपा युवा नेता का भी गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया।नगर महामन्त्री राव सहाब गुर्जर ने ध्यानेन्द्र मामा को पगड़ी पहना कर शाल तथा श्रीफल व मां रणकौशला देवी की तस्बीर भेंट की।इस मौके पर पूर्व मंत्री ध्यानेंद्र सिंह दबोह क्षेत्र में पार्टी को मजवूत करने के लिए महामंत्री राव सहाव गुर्जर से बिस्तृत चर्चा की।उल्लेखनीय रहे कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा जब से युवा नेता राव सहाव गुर्जर को जिमेदारी दी गई।तबसे दबोह मण्डल में भारतीय जनता पार्टी में मजवूती दिखने लगी है।साथ ही दबोह नगर में भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेताओं का आने जाने का सिलशिला लगातार जारी है जिससे दबोह मण्डल के भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं में एक नई ऊर्जा का संचार हो रहा है।जिससे देखा जाए तो आने बाले समय मे पार्टी को मजवूती मिलेगी व युवा नेताओ को यहाँ इस अवसर पर सेवड़ा के वरिष्ठ नेता गोबिंद नागिल,भगवान नायक,राजेन्द्र सिंह गुर्जर,केशव गुप्ता,हरिश्चंद्र पाण्डेय,राजा यादव,कुलदीप यादव महामन्त्री रविन्द्र चिकवा,जितेंद यादव,सुशील गोस्वामी,अनुरुद्ध मुदगिल,हरिश्चन्द तिवारी,अशोक कौरव,रामू कौरव आदि नेता उपस्थित रहे।



## भारतीय समाज सेवा समिति रन्नोद द्वारा आजअन्नकूट उत्सव के तहत गरीब असहाय लोगों के लिए किया गया प्रसाद वितरण



**हरिओम परिहार**
**पुष्पांजली टुडे**

रन्नोद, अनु कूट उत्सव के तहत लोगों के लिए अन उत्सव मोहीया कराया गया जिसमें अधिक से अधिक लोग एक आकृति हुए जिसमें रन्नौद से मुख्य रूप से लोगों के लिए अन्नकूट उत्सव के तहत भंडारे में आए हुए अतिथि ग्रामीणों से लेकर अधिक से अधिक संख्या में आकर प्रसाद वितरण किया जिसमें दूरदराज से आए हुए लोगों के लिए बेहतरीन प्रसाद पाया एवं अन्नकूट उत्सव के तहत विशेष रुप से रन्नौद से अधिक से अधिक लोगों से सतीश कुमार ने अपील की कि अन्नकूट उत्सव में सभी लोग प्रसाद जरूर ले जिसमें भारी तादाद में लोगों का आना जाना हुआ और सतीश कुमार ने लोगों के साथ ही अन्य लोगों के लिए भी अन्नकूट उत्सव के तहत न्योता देने के लिए लोगों के लिए सभी नगर पंचायत रन्नोद में एलान कराया गया कहा ऐसे कई भोजन भंडारे गरीब असहाय लोगों के लिए दिन प्रतिदिन कहते रहते हैं और गरीब असहाय लोगों के लिए हरदम आगे रहते हैं आज अन्नकूट उत्सव के माध्यम से गरीब असहाय लोगों के लिए खास भोजन भंडारा हमारी भारतीय समाज सेवा समिति द्वारा किया गया जिसमें कई वरिष्ठ और कई मुख अतीत गण मुख्य रूप से अन्नकूट उत्सव में उपस्थित हुए व सभी लोगों का सहयोग प्रदान हुआ जिस में पत्रकारों से लेकर सभी मुख्य रूप से सम्मिलित हुए और उनका भी योगदान। विशेष रुप से अन्य कूट उत्सव में रहा।



## नक्सलियों ने 2 लोगों को उतारा मौत के घाट

**मृतकों के परिजनों को 05-05 लाख रुपये और नौकरी देगी शिवराज सरकार**

**रितेश कटरे ब्यूरो चीफ**
**पुष्पांजली टुडे**

**बालाघाट ।** जिले में नक्सली हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। 13 नवंबर की रात्री में नक्सलियों द्वारा बैहर थाना क्षेत्र के ग्राम मालखेड़ी में 02 आम नागरिकों 40 वर्षीय जगदीश पिता तेजराम पटले एवं 40 वर्षीय संतोष यदुनाथ पिता स्वर्गीय झमकुलाल यादव की निर्मम हत्या कर दी गई है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने नक्सली हिंसा में मृत इन लोगों के परिवारों को हर संभव मदद देने की घोषणा की है। इसी परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने मृतक जगदीश पटले की पत्नी श्रीमती पूर्वन्ता पटले एवं मृतक संतोष यदुनाथ यादव की पत्नी श्रीमती नीलू यादव को तात्कालिक सहायता के रूप में रेडक्रास सोसायटी की ओर से 05-05 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की है।

## थाना प्रभारी व तहसीलदार पर राष्ट्रद्रोह का मुकदमा दर्ज हो, गुर्जर समाज ने आईजी व डीआईजी को सोपा ज्ञापन

**थाना प्रभारी द्वारा अपने पद का किया दुरुपयोग, यादव समाज भी गुर्जर भाइयो के साथ**

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** गोहद गुर्जर समाज के प्रतिनिधि मंडल व यादव समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष रूपेश सिंह यादव ने गुर्जर भवन पर आयोजित पत्रकारवार्ता में थाना प्रभारी व तहसीलदार द्वारा सम्राट मिहिर भोज का बोर्ड फाडे जाने को लेकर दोनों अधिकारियों की कड़ी निंदा की व दोनों अधिकारियों पर राष्ट्रद्रोह का मुकदमा दर्ज करने व सम्राट मिहिर भोज का बोर्ड पुनः स्थापित करने की मांग की है। गुर्जर समाज द्वारा शुक्रवार को पुलिस महानिरीक्षक चम्बल जॉन, पुलिस उप महानिरीक्षक चम्बल जॉन व कमिश्नर को ज्ञापन सोपा है जिसमे सम्राट मिहिर भोज के बोर्ड को फाड़ने को लेकर गोहद थाना प्रभारी गोपाल सिंह सिकरवार व तहसीलदार पर राष्ट्रद्रोह का केस दर्ज करने ओर निलंबन की मांग की गई है। गुर्जर समाज के द्वारा गोहद थाना प्रभारी पर आरोप लगाए कि थाना प्रभारी गोपाल सिकरवार 6 नवम्बर को आये और गांव के लड़को को जबरन बुलवाकर जातिगत अपमानित किया व सम्राट मिहिर भोज के बोर्ड को



फाड़ने के लिए कहा नही फाड़ने पर झूठे केस में फ़साने की धमकी दी ओर सम्राट मिहिर भोज का बोर्ड फड़वा दिया। गुर्जर समाज के प्रतिनिधि मंडल व यादव समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा प्रेस वार्ता में बताया कि सन 730 में नागपट प्रथम ने गुर्जर समाज कि भारत मे स्थापना व राज किया सन 836 से 885 तक गुर्जर प्रतिहार सम्राट मिहिर भोज ने पूरे भारत मे राज किया अपने शासन काल मे अयोध्या में राम मंदिर का जीर्णोद्धार व ग्वालियर किले का निर्माण किया। भारतीय पुरातत्व विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे व पद्मश्री से सम्मानित के.के. मोहम्मद ने खुदाई कराई जिसमे गुर्जर प्रतिहार मिहिर भोज के निर्माण कराये हुए शिलालेख प्राप्त हुए। अक्षरधाम दिल्ली में स्थापित गुर्जर सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा का भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई ने अनावरण किया। ग्वालियर नगर निगम में प्रस्ताव पारित कर शिवपुरी रॉड चिरवाई नाके पर गुर्जर सम्राट मिहिर भोज के नाम के प्रतिमा स्थापित कि जिसका अनावरण पूर्व महापौर व वर्तमान सांसद विवेक नारायण शेजवलकर व सतीश सिकरवार ने किया। भारत के शासकीय अधिकारी इस बात की शपथ लेते है हम भारत के सविधान का पालन करेंगे व जाति धर्म से हटकर अपने कर्तव्यों का पालन करेंगे लेकिन थाना प्रभारी गोपाल सिकरवार व तहसीलदार द्वारा गुर्जर समाज के सम्मान को ठेस पहुचाने व समाज के भाईचारे को बिगाड़ने का कार्य किया है। यादव समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष रूपेश सिंह यादव ने कहा कि समस्त यादव समाज व पिछड़ा वर्ग गुर्जर भाइयो के साथ है।

## भाजपा समर्थक मंच का कार्यकर्ता मिलन समाहरोह हुआ सम्पन्न, आशीष तोमर बने प्रदेश संगठन

**विवेक चौहान**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर-** आशीष तोमर द्वारा भाजपा समर्थक मंच ग्वालियर के तत्वावधान में सिटी सेंटर के पास स्थित होटल टाउन डाउन के हॉल में मंच के कार्यकर्ताओं का मिलन समारोह संपन्न हुआ इस ।

अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्वालियर विकास प्राधिकरण के पूर्व चेयरमैन अभय चौधरी तथा नगर पालिक निगम ग्वालियर की पूर्व महापौर श्रीमती समीक्षा गुप्ता मध्य प्रदेश शासन के विद्युत मंत्री प्रद्युम्न तोमर के प्रतिनिधि तथा भारतीय जनता पार्टी के आईटी सेल के प्रभारी रामअवतार वैश्य तथा भाजपा समर्थक मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष पुरुषोत्तम नारायण श्रीवास्तव एडवोकेट उपस्थित रहे कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान जन गण मन गा करके किया गया इस अवसर पर मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष पुरुषोत्तम नारायण श्रीवास्तव ने मंच की स्थापना के उद्देश्य बताते हुए देश व प्रदेश इस अवसर पर उन्होंने मंच का उद्देश्य बताते हुए केंद्र व मध्य प्रदेश सरकार की नीतियों को जन-जन तक भेजने और वोटर लिस्ट में भारतीय जनता पार्टी को वोट देने वाले कार्यकर्ताओं का नाम जुड़वाने का कार्य बताया कार्यक्रम की अध्यक्षता पवन भदोरिया राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा समर्थक मंच युवा



मोर्चा द्वारा की गई सम्मेलन में समीक्षा गुप्ता बा अभय चौधरी जी द्वारा कार्यकर्ताओं को भारतीय जनता पार्टी लिए कार्य करने के तरीके समझाए गए इस अवसर पर आशीष तोमर प्रदेश संगठन महामंत्री विशाल राठौर जिला उपाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह कौरव जिला अध्यक्ष ग्वालियर संजू सिकरवार प्रदेश उपाध्यक्ष राम तोमर जिला अध्यक्ष मुरैना दीप्ति भटनागर जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा ग्वालियर कुसुम राठौर संगठन मंत्री किरण सिंह उपाध्यक्ष महिला मोर्चा सीमा चौरसिया जिला सचिव राम लखन राजावत जिला संगठन मंत्री रामगढ़ जिला संगठन मंत्री ग्वालियर रितेश श्रीवास्तव प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष युवा मोर्चा भाजपा समर्थक मंच उत्तर प्रदेश मनोनीत किए गए।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर हो रही तैयारियां, मास्टर ट्रेनर्स को दिया गया प्रशिक्षण



**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो हेड**
***दैनिक पुष्पांजली टुडे***
**9826576206**

**भिण्ड।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन डॉ सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में जिले में बृहद स्तर पर त्रिस्तरीय पंचायत आम चुनाव की तैयारियां चल रही हैं। आगामी पंचायत चुनाव को लेकर ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स के प्रशिक्षण का आयोजन कलेक्टर कार्यालय भिण्ड के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। इस दौरान एडीएम प्रवीण फुलपागरे, संयुक्त कलेक्टर वरुण अवस्थी सहित अन्य अधिकारी, मास्टर ट्रेनर्स उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन के लिए सभी अनुभागों के मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जो विकासखंड एवं अनुभाग स्तर पर मतदान दलों को प्रशिक्षण देंगे। प्रशिक्षण में पंच व सरपंच के मतपत्र व मत पेटियों से होने वाले चुनाव तथा जिला एवं जनपद पंचायत सदस्य के ईवीएम से होने वाले चुनाव की प्रक्रिया को विस्तार से बताया गया।

## वन-टू-वन

### जंगल में पेड़ पर लटकी मिली दस दिन पुरानी लाश

**भोपाल।** राजधानी की सूखीसेवनिया पुलिस ने इलाके मे स्थित बालमपुर घाटी से सड़क से लगभग 100 मीटर अंदर जंगल में रस्सी के फंदे पर लटका एक युवक का शव बरामद किया है। बताया गया है कि शव करीब दस से ज्यादा पुराना है, जिसके कारण लाश बुरी तरह सड़ चुकी है। पुलिस को घटनास्थल से एक टूटा हुआ मोबाइल भी मिला है, जिसमें सिम कार्ड नहीं है। इसके साथ ही मौके से देशी शराब के क्वार्टर भी बरामद हुए है। शुरुआती जॉच के आधार पर पुलिस को मृतक के पास से ऐसा कोई भी दस्तावेज नहीं मिला है, जिससे उसकी पहचान की जा सके। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेजते हुए आगे की कार्यवाही शुरु कर दी है। थाना पुलिस के अनुसार वनकर्मी मांगीलाल सोंधिया ने पुलिस को सूचना देते हुए बतायसा कि बालमपुर घाटी से 100 मीटर अंदर जंगल में किसी की लाश फंदे पर लटकी हुई है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया। मृतक की उम्र करीब 40 से 45 साल बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल सड़क से काफी अंदर होने के चलते नजर नहीं आ रहा था, जिसके कारण इसपर किसी कि नजर नही पडी। वहीं वनकर्मी पेड़ों की रखवाली के लिए जंगल के भीतर जाकर चैकिंग करते हैं, ओर इसी दौरान लाश फंदे पर झूलती नजर आई। मृतक की पहचान जुटाने के लिये पुलिस ने आसपास के गांववालो से पुछताछ की लेकिन उसकी पहचान नही हो सकी। फिलहाल पुलिस शव की शिनाख्ती के लिये आसपास के थानो मे दर्ज गुम इसानों के प्रकरणो का खंगाल रही है।

### दहेज की मांग को लेकर पति ने शादी के सवा साल बाद तीन तालाक देकर पत्नी को निकाला

**भोपाल।** राजधानी के तलैया थाना इलाके शादी के सवा साल बाद पति द्वारा पत्नी को तीन तलाक बोलकर घर से निकाल दिये जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि पीडीता को बीते कई महीनों से दहेज की मांग को लेकर शारीरिक व मानसिक रुप से प्रताडित किया जा रहा था। विवाहिता कि शिकायत पर पुलिस ने दहेज प्रताडऩा व मुस्लिम महिला विवाह संरक्षण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरु कर दी है। तलैया पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 19 वर्षीय युवती ने लिखित शिकायत करते हुए बताया कि उसकी शादी पिछले साल जुलाई के महीने में इब्राहिमपुरा इलाके में रहने वाले शकील नाम के युवक से हुई थी। शकील कबाडख़ाने में काम करता है। नवविवाहिता ने अपनी शिकायत मे आगे बताया कि शादी के बाद से ही उसका पति दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने लगा, जबकि शादी के समय उसके घर वालों नें हैसियत के अनुसार काफी दहेज दिया था। महिला ने जब दहेज लाने से इंकार किया तो आरोपी पति उसे शारीरिक व मानसिक रुप से प्रताडित करने लगा। विवाद की जानकारी लगने पर बीते दिनों पीडीता की बहन उसे समझाईश देने गई तो शकील ने उनके सामने ही तीन तलाक बोलते हुए पत्नी को घर से निकल जाने को कह दिया। बाद मे काफी दिनो तक दोनों के परिवारों के बीच समझौते को लेकर बातचीत होती रही लेकिन जब आरोपी पति समझौते के लिये राजी नहीं हुआ नवविवाहित ने इसकी शिकायत थाना पुलिस को कर दी। पुलिस ने शकील के खिलाफ दहेज प्रताडऩा व मुस्लिम महिला विवाह संरक्षण अधिनियिम के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्यवाही शुरु कर दी है।

### नाबालिग को यौन कृत्य के लिए मजबूर करने पर अदालत ने सुनाई दस माह की सजा

**सिंगापुर।** सिंगापुर में भारतीय मूल के एक शख्स को नाबालिग को यौन कृत्य करने के लिए मजबूर करने के जुर्म में 10 माह और चार हफ्ते की कैद की सजा सुनाई गई है। पी अशोकन पचान (57) ने एक नाबालिग को 'सेक्स टॉय' का इस्तेमाल करने और टेलीग्राम पर उसे आपत्तिजनक फिल्में भेजने का आरोप स्वीकार कर लिया है। पचान को सजा सुनाए जाने में अश्लील फिल्में रखने और नाबालिग के साथ यौन संबंध बनाने के आरोपों को भी मद्देनजर रखा गया। पचान की 15 वर्षीय लड़की से ऑनलाइन जान-पहचान हुई और उसने पैसे के बदले यौन गतिविधियों के लिए उससे मिलने की व्यवस्था की। उसने एक सेक्स टॉय के साथ उस पर यौन कृत्य करने के बदले 250 सिंगापुरी डॉलर लेने के बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। अदालत में शुक्रवार को दलील दी गई कि पचान एक चैट ऐप्लिकेशन के माध्यम से छात्रा के संपर्क में आया। उसने पीड़िता से पूछा कि क्या वह काम करती है या स्कूली शिक्षा प्राप्त कर रही है। जब पीड़िता ने कहा कि वह पढ़ रही है, तो पचान ने कहा कि उन्हें बहुत सावधान होना होगा। खबर में अभियोजक द्वारा अदालत में दी गई दलील में कहा गया, पैसों के लालच में आकर, पीड़िता ने उसकी पेशकश स्वीकार कर ली। बाद में दोनों ने पचान के घर में यौन गतिविधियों को अंजाम दिया। अभियोजक ने पचान के लिए कम से कम 11 से 13 माह की जेल की कैद मांगी थी। उनका तर्क था कि घटना के वक्त पीड़िता की उम्र 14 वर्ष और पचान की 56 वर्ष थी।

### महिला से न्यूड डांस करवाने वाली महिला पुलिस को किया बर्खास्त

**कराची।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में हिरासत में ली गई महिला को कपड़े उतार कर नृत्य करने के लिए मजबूर करने की आरोपी महिला पुलिस अधिकारी को बर्खास्त कर दिया गया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस हिरासत के दौरान महिला कैदी के साथ अमानवीय व्यवहार करने और अधिकारों के दुरुपयोग के आरोप की जांच के लिए गठित पुलिस जांच समिति ने निरीक्षक शबाना इरशाद को दोषी पाया है। क्वेटा के पुलिस उप महानिरीक्षक मुहम्मद अजहर अकरम ने कहा कि जांच में पाया गया कि महिला निरीक्षक ने परी गुल नामक महिला को क्वेटा के जिन्ना टाउनशिप में बच्चे की हत्या के मामले में पूछताछ के लिए हिरासत

# 15 के बाद कभी भी हो सकता है पंचायत चुनाव का ऐलान

### राज्य निर्वाचन आयोग और सरकार की तैयारियां लगभग पूरी




**भोपाल।** मध्य प्रदेश में पंचायत चुनाव जल्दी हो सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 15 नवंबर को भोपाल दौरे के एकदम बाद तारीखों का ऐलान हो सकता है। चुनाव तीन चरण में होंगे। कोरोना के बावजूद सरपंच और पंचों की सुविधा को देखते हुए उन्हें ऑनलाइन नामांकन न भरके पहले की तरह निर्वाचन कार्यालय में फॉर्म भरने की छूट रहेगी। लेकिन जिला पंचायत के लिए ऑनलाइन नामांकन होगा। ठीक इसी तरह जिला और जनपद में ईवीएम से वोटिंग होगी और ग्राम स्तर पर मतपत्र डाले जाएंगे।

लंबा इंतजार खत्म होता दिख रहा है। सब कुछ ठीक ठाक रहा तो मध्य प्रदेश में जल्द ही त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का बिगुल बज सकता है। जानकारी के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 15 नवंबर को भोपाल में होने वाले कार्यक्रम के बाद कभी भी पंचायत चुनाव की तारीखों का ऐलान हो जाएगा। चुनाव तीन चरणों में होंगे। पंचायत चुनाव के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष पद का आरक्षण होना बाकी है। आरक्षण प्रक्रिया पूरी होते ही राज्य निर्वाचन आयोग पंचायत चुनाव की तारीखों का ऐलान कर देगा।

**कैसी होगी पंचायत चुनावों की प्रक्रिया:** राज्य निर्वाचन आयोग ने सरपंच और पंच की सुविधा का ध्यान रखते हुए नामांकन दाखिल करने की व्यवस्था को ऑफलाइन रखा है। नाम वापसी और चुनाव चिन्ह भी पहले ही तरह पारंपरिक तरीके से होंगे। सरपंच पद के लिए जरूरी जानकारी और निर्वाचन के नतीजे पंच की तरह यूआरएल के जरिए जिलों से मिल सकेंगी।

**ऑनलाइन और ऑफलाइन नामांकन:** जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य पद को ऑनलाइन ही नामांकन दाखिल करना होगा। राज्य लोक सेवा अधिकरण ने ऑनलाइन नॉमिनेशन फाइल करने के लिए रेट भी तय कर दिये हैं। प्रत्याशी लोक सेवा केंद्र एमपी ऑनलाइन कियोस्क से नॉमिनेशन फॉर्म के लिए 35 रूपए देकर नॉमिनेशन भर सकेगा। नामांकन पत्र भरने के बाद उसका प्रिंट आउट लेने पर हर काफी पर 5 रूपए अतिरिक्त देना होगा। चुनाव आयोग ने तय किया है पंचायत आम निर्वाचन 2021 में जिला पंचायत और जनपद पंचायत सदस्य के लिए ईवीएम से वोट डाले जाएंगे। जबकि पंच और सरपंच पद के लिए मत पत्र पेटी में डाले जाएंगे। ईवीएम में बटन दबाने की प्रक्रिया हाट बाजारों और आगनबाड़ी में जनता को समझायी जाएगी।

**बरसों से जमे अफसर हटाए जाएंगे:** पंचायत चुनाव की तैयारी के सिलसिले में निर्वाचन अधिकारियों की कलेक्टरों के साथ बैठक हो चुकी है। मतदाता सूची और मतदान केंद्र की तैयारी भी हो चुकी है। अब इंतजार जिला पंचायत अध्यक्ष पद के आरक्षण की प्रक्रिया का पूरा होने का है। आरक्षण प्रक्रिया पूरा होते ही राज्य चुनाव आयोग पंचायत चुनावों की तारीखों का ऐलान कर देगा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग ने एक ही जिले में जमे और गृह जिले में तैनात पुलिस अफसरों के तबादले के निर्देश दिए हैं। 4 साल से एक ही जगह पर जमे पुलिस अफसरों की जानकारी आयोग ने मांगी है। आयोग के निर्देश पर बड़े पैमाने पर तबादला आदेश जारी किए जाएंगे।

**कभी भी हो सकता है ऐलान:** हाई कोर्ट भी राज्य सरकार को पंचायत चुनाव जल्द कराने के निर्देश दे चुका है। ऐसे में अब नाराज निर्वाचन आयोग कभी भी पंचायत चुनाव की तारीखों का ऐलान कर सकता है।

### शादी का झांसा देकर महिला डॉक्टर से दुष्कर्म करने वाला डॉक्टर जायेगा जेल

**भोपाल।** राजधानी के कोहेफिजा थाना इलाके मे इंदौर के गवर्मेंट हॉस्पिटल की महिला डॉक्टर के साथ कोहेफिजा इलाके मे स्थित फ्लैट में बंधक बनाकर दुष्कर्म किये जाने के मामले मे पुलिस ने आरोपी गांधी मेडिकल कॉलेज (हमीदिया, भोपाल) से एमडी कर रहे डॉक्टर को गिरफ्तार कर लिया है। थाना पुलिस ने बताया कि आरोपी डॉक्टर को कोर्ट मे पेश कर जेल भेजा जा रहा है। थाना पुलिस के मुताबिक इंदौर के सरकारी अस्पताल में पढ़ाई के साथ प्रैक्टिस कर रही 28 साल की महिला डॉक्टर ने अपनी शिकायत मे बताया कि साल 2014 मे मे पढाई के दौरान गांधी मेडिकल कॉलेज में एमडी के साथ प्रैक्टिस कर रहे जूनियर डॉक्टर राहुल कनाडे से उसकी पहचान हो गई थी। समय के साथ दोनों के बीच काफी करीबी दोस्ती हो गई।

# मप्र में बढेगी जननी एक्सप्रेस की संख्या

### 108 एंबुलेंस की संख्या 606 बढकर होगी 1002




**भोपाल।** मप्र में जनसुविधाओं के मददेनजर जननी एक्सप्रेस एवं 108 एंबुलेंस की संख्या में बढोत्तरी होने जा रही है। प्रसूताओं को अस्पताल पहुंचाने और घर छोड़ने के लिए चलने वाले जननी एक्सप्रेस वाहनों की संख्या भी 840 से बढ़कर 1050 हो जाएगी। इसका फायदा यह होगा कि लोगों को वाहन के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा। वहीं अब 108 एंबुलेंस की संख्या 606 से बढकर 1002 एंबुलेंस हो जाएंगी। पांच साल पहले जेडएचएल कंपनी को इन वाहनों के संचालन की जिम्मेदारी दी गई थी। तब से लेकर आज तक वाहनों की संख्या नहीं बढ़ाई गई है, जबकि जरूरतमंदों की संख्या बढ़ी है। इस कारण वाहन व्यस्त होने की स्थिति में लोगों को तुरंत सेवा नहीं मिल पाती थी। इसके लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने हाल ही में निविदा के तहत नई कंपनी का चयन किया है। छत्तीसगढ़ की जय अंबे एजेंसी सर्विस कंपनी को यह काम मिला है। शुक्रवार को खोली गई वित्तीय निविदा में सबसे कम खर्च पर वाहनों के संचालन के लिए तैयार होने की वजह से इस कंपनी को काम सौंपा गया है। अधिक से अधिक दो महीने के भीतर कंपनी को काम संभालने के लिए कहा गया है। हालांकि, कंपनी चाहे तो इसके पहले भी काम शुरू कर सकती है। जय अंबे कंपनी खुद के वाहन लगाएगी। इन वाहनों के संचालन के बदले में कंपनी को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की तरफ से 220 करोड़ रुपए हर साल भुगतान किया जाएगा। अभी मौजूदा वाहन सरकार की तरफ से ही उपलब्ध कराए जाते थे। इनके संचालन की जिम्मेदारी जेड एच एल कंपनी की होती थी। संचालन के लिए करीब 300 करोड़ रुपए हर साल जेडएचएल कंपनी को भुगतान किए जा रहे थे। अब कंपनी खुद अपना वाहन लगाएगी। वाहनों की संख्या भी बढ़ेगी। संचालन का खर्च हर साल करीब 80 करोड़ रुपए कम हो जाएगा। जय अंबे को छह साल के लिए वाहनों के संचालन की जिम्मेदारी दी गई है। अभी जरूरतमंद द्वारा फोन करने के 20 मिनट बाद एंबुलेंस पहुंचने की शर्त है, लेकिन हकीकत में एंबुलेंस पहुंचने का औसत समय 23 मिनट है। नई कंपनी को 16 मिनट के भीतर जरूरतमंद तक एंबुलेंस पहुंचाने की शर्त दी गई है। सभी वाहन नए होने की स्थिति में इस शर्त को पूरा कर पाना भी आसान होगा। इसी तरह से जननी एक्सप्रेस के पहुंचने का समय 30 मिनट से कम होकर 25 मिनट हो जाएगा। एंबुलेंस बुलाने के लिए पता बताने की जरूरत नहीं होगी। फोन करने वाले की मोबाइल लोकेशन से पता चल जाएगा की मरीज कहां पर है। मोबाइल ऐप के जरिए भी एंबुलेंस और जननी एक्सप्रेस वाहन बुलाए जा सकेंगे।

### भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष अजय सिंह भदौरिया के पिता उदयवीर सिंह का निधन



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष अजय सिंह भदौरिया के पिता उदयवीर सिंह भदौरिया का उनके गृह निवास भिंड जिले के गर्ल्स स्कूल वाली गली में हो गया, वे 99 वर्ष के थे एवं काफी समय तक उन्होंने उत्तर प्रदेश पुलिस के सब - इंस्पेक्टर की शासकीय सेवाओं में कार्य किया । किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष अजय सिंह भदौरिया के पिताजी उदयवीर सिंह भदौरिया का अंतिम संस्कार दिनांक 14 नवंबर को दोपहर 2ः00 बजे उनके पैतृक गांव मेहगांव विधानसभा क्षेत्र के रायपुरा में किया जाएगा ।

### ग्राम खरिका के लोगों के द्वारा किए गए स्वागत का हमेशा ऋणी रहूंगाःमानसिंह कुशवाहा



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**(गांव के युवाओं ने रैली निकालकर किया जोरदार स्वागत)**

**भिण्ड।** अटेर विकासखंड के ग्राम पंचायत खरिका में शनिवार को एक सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष का ग्राम खरिका में पहली बार आगमन हुआ। जिसमें युवाओ ने गांव में प्रवेश से पूर्व आधा सैकड़ा से अधिक बाइक रैली निकालकर जयकारो के साथ जोरदार स्वागत किया। यह कार्यक्रम ग्राम खरिका के प्रसिद्ध शक्तिपीठ (जग्गा) पर आयोजित किया गया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा ने सर्वप्रथम शक्ति पीठ पर बने मंदिर पर माथा टेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया।तत्पश्चात ग्राम खरिका के लोगो ने माला पहनाकर आये हुए अतिथि का स्वागत किया इसी क्रम में रामभरोसे सिंह कुशवाह (अलापुरिया) ने कांग्रेस अध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा को शॉल,श्रीफल एवं राधा कृष्ण की प्रतिमा भेंट कर सम्मान किया।

### महिला कांग्रेस महासचिव डिम्पल राठौड़ ने अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ रिपोर्ट दी।



**पुष्पांजली टुडे**
**नेनाराम सिरवी**

**पाली।** राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस की महासचिव डिम्पल राठौड़ ने पद्मश्री प्राप्त अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ देसूरी थाने में रिपोर्ट प्रस्तुत की हैं। पीसीसी सदस्य रतन जणवा,वरिष्ठ कांग्रेस नेता मिसरू खान पठान,नगर कांग्रेस अध्यक्ष शरीफ शेख राजू के साथ देसूरी थाने में प्रस्तुत होकर कंगना के उस बयान के खिलाफ मौजूद पुलिस उपाधीक्षक हिमांशु जांगिड़ व थानाधिकारी मुकेश कुमार के समक्ष प्राथमिकी प्रस्तुत की हैं। जिसमें कंगना रनोत ने सार्वजनिक मंच पर कहा था कि देश को आजादी 1947 में नहीं,बल्कि 2014 में मिली। वह आजादी नही थी,एक भीख थी। डिम्पल राठौड़ ने प्रस्तुत रिपोर्ट में बताया कि कंगना रनोत ने भारत के संविधान के प्रति अनास्था और राष्ट्र के प्रति विद्वेष और संविधान के प्रति असम्मान का आचरण किया गया। उसके इस कथन से विश्वस्तर पर हमारी संविधान और देश की साख गिरी है। उन्होंने लिखा कि यह ऐतिहासिक तथ्य है कि हमारे हजारों लोगों ने अपनी कुर्बानी और जान देकर देश की आजादी प्राप्त की थी। कंगना रनोत एवं उनके सहयोगी ने शहीदो की शहादत को भीख बताकर शहीदों और उन के वंशजो और सभी भारतीयो का अपमान किया है,शहीदों के लिए कंगना रनोत का यह कथन राष्ट्र का अपमान एवं राष्ट्र विरोधी है। जिसे यह प्रमाणित होता है कि कंगना रनोत का भारत के सविधान उसके आजादी की ऐतिहासिक तथ्यों पर किसी भी प्रकार का विश्वास नहीं है।उनके द्वारा सार्वजनिक मंच पर जानबूझ कर ऐसा कृत्य कर राष्ट्र का अपमान किया है एवं इस कथन से भारतीयों की जन भावनाओं को ठेस पहुंची है व पूरे विश्व में भारत के गौरवशाली इतिहास को अपमानित किया गया।

# अफगान जमीन पर पाकिस्तान विरोधी तत्व मौजूद नहीं: मुत्ताकी



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की यात्रा पर पहुंचे तालिबान विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी ने इमरान खान सरकार को बड़ा झटका देते हुए कहा अफगान जमीन पर पाकिस्तान विरोधी तत्व मौजूद नहीं है। तालिबानी विदेशी मंत्री का बयान पाक के उस दावे के उलट है, जिसमें इमरान सरकार आरोप लगाती रहती है कि टीटीपी और बलूच विद्रोही अफगानिस्तान में रहते हुए पाकिस्तान में हमले कर रहे हैं।

मुत्ताकी ने इमरान से मुलाकात के बाद आश्वासन दिया कि वे अफगान जमीन का इस्तेमाल किसी भी देश के खिलाफ न हो, इसके लिए पूरा प्रयास कर रहे हैं। तालिबानी विदेश मंत्री 20 सदस्यीय दल के साथ पाकिस्तान के दौरे पर हैं। अफगान विदेश मंत्री ने इस बात की पुष्टि की कि उनकी सरकार ने सैकड़ों पाकिस्तानी बच्चों की जान लेने वाले तहरीक-ए-तालिबान और इमरान सरकार के बीच बातचीत शुरू कराई है। तालिबानी मंत्री ने यह नहीं बताया अफगानिस्तान के गृहमंत्री सिराजुद्दीन हक्कानी इस बातचीत में क्या भूमिका निभा रहे हैं। सिराजुद्दीन हक्कानी नेटवर्क का मुखिया है और तालिबान की जीत के लिए उसने भारी हिंसा की थी। इससे पहले पाकिस्तान के सूचना मंत्री फवाद चौधरी ने ऐलान किया था कि टीटीपी और सरकार के बीच सीजफायर पर सहमति बन गई है। तालिबानी विदेश मंत्री ने आशा जताई कि टीटीपी और इमरान सरकार के बीच बातचीत बढ़ाई जा सकती है और दोनों के बीच सीजफायर का स्वागत किया। उन्होंने दावा किया कि अफगानिस्तान में हेल्थ सेक्टर में सभी महिला कर्मचारी वापस आ गई हैं।

इससे पहले पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने टीटीपी के साथ बातचीत करने पर इमरान खान को जमकर फटकार लगाई थी। पेशावर के आर्मी पब्लिक स्कूल पर हमला करके 132 मासूम बच्चों की जान लेने वाले टीटीपी पर कोर्ट ने इमरान खान से सवाल किया कि नरसंहार के दोषियों के साथ बातचीत क्यों कर रहे हैं। पाकिस्तान की सर्वोच्च अदालत ने इमरान खान से सवाल किया क्या हम आतंकियों के आगे फिर से आत्मसमर्पण करने जा रहे हैं हम उनके खिलाफ एक्शन लेने की बजाय उनके साथ बातचीत कर रहे हैं। वह भी तब जब हमारे पास दुनिया की 6वीं सबसे बड़ी सेना है।

सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान को बुधवार को इस तरह के कई सवालों का सामना करना पड़ा। अदालत ने सरकार को उस भीषण हमले में सुरक्षा विफलता की जिम्मेदारी तय करने के लिए एक महीने का समय दिया है, जिसमें 16 दिसंबर, 2014 को तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकवादियों ने पेशावर में आर्मी पब्लिक स्कूल पर हमला कर 147 लोगों की जान ले ली थी।

# इंडोनेशिया में शादीशुदा महिला का चल रहा था प्रेम प्रसंग, सरेआम मारे गए 17 कोड़े



**जर्काता।** इंडोनेशिया से हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक शादीशुदा महिला पर लोगों की मौजूदगी में बेरहमी से कोड़े बरसाए गए। महिला पर शादीशुदा होने के बाद भी गैर मर्द से संबंध होने का आरोप था। महिला और उसके प्रेमी को शरिया कानून तोड़ने के आरोप में 17 कोड़े मारे जाने की सजा दी गई। घटना इंडोनेशिया के अकेह प्रांत की है, जहां महिला पर लगातार कोड़े बरसाए गए जिसके चलते वह बेहोश हो गई, लेकिन सजा पूरी होने तक उसकी पिटाई जारी रही। महिला और उसके प्रेमी को शरिया कानून तोड़ने के आरोप में 17 कोड़े मारे जाने की सजा दी गई। यह कानून परिवारिक या वैवाहिक तौर पर करीबी न होने पर एक महिला और पुरुष को एक दूसरे के करीब आने से रोकता है। सुमात्रा द्वीप के एक शहर में इस महिला और पुरुष दोनों को ही रस्सी से बांधकर शरिया पुलिस जिसे अलगोजो के नाम से जाना जाता है ने यह सजा दी। पिटाई के दौरान बड़ी संख्या में लोग वहां मौजूद रहे। इस दौरान पुलिस अधिकारी भीड़ को माइक्रोफोन के जरिए निर्देश दे रहे थे, जबकि वहां मौजूद लोग अपने फोन में इस सजा का वीडियो बना रहे हैं। अकेह इंडोनेशिया का एकमात्र प्रांत है, जहां पर शरिया कानून लागू है। जहां इस्लाम धर्म की किताब कुरान के अनुसार शासन किया जाता है। घटना के कई वीडियो और फोटो सामने आए हैं जिनमें देखा जा सकता है कि महिला और पुरुष दोनों ही बारी बारी से सफेद कपड़ों में इस बिल्डिंग के बीचों-बीच सफेद लिबास में खड़े हैं। जनता इस दृश्य को देखने के लिए कुर्सियों पर बैठी है। इन लोगों को सजा देने वाले अलगोजो ने भूरे रंग का लिबास पहना है।

### श्मशान घाट के लिए आम रास्ता तक नहीं, ग्रामीण परेशान।?।





**भीमसेन सिंह तोमर**
**पुष्पांजली टुडे**

**अम्बाह**/थरा देव भूमि के नाम से विख्यात श्री श्री 1008बाबा लोचनदास जी महाराज के स्मति स्थल, लालजीत का पुरा पर ग्रामीणों को श्मशान के लिए पहुंचने का पैदल मार्ग नहीं है। कुछ दबंग ग्रामीणों ने अवैध रूप से आम रास्ता को रोक रखा है। विजय तोमर मित्र मंडल के साथियों में राम गोविंद, विजय तोमर, महिपाल सिंह, रघुबीर सिंह, भीकम सिंह,गुलाब सिंह तमाम अन्य नागरिक ग्रामीणों ने आम रास्ते की मांग की है, साथ ही साथ मरघट जिणोदार के लिए भी मांग की, ग्रामीण कल्ली का का कहना है कि कुछ दिन राम प्रकाश शर्मा के युवा पुत्र आशीष शर्मा का अकास्मिक निधन हो गया था तो श्मशान घाट तक पहुंचने के लिए खेतों में दल-दल से होते हुए, निकलने में बहुत ही परेशानी का सामना करना पड़ा था। सभी ग्रामीण जनों का कहना है कि हमारी इस परेशानी को शासन प्रशासन को शीघ्र ही निदान दिलाना चाहिए।

**वन-टू-वन**

## उर्वा में वृहद विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन आज

ग्वालियर। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय द्वारा जिला प्रशासन, जिला पंचायत एवं अन्य विभागों के सहयोग से 14 नवम्बर को जिले की जनपद पंचायत भितरवार के ग्राम उर्वा में वृहद विधिक जागरूकता शिविर लगाया जाएगा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नईदिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में 2 अक्टूबर से 14 नवम्बर तक ग्वालियर जिले में भी जागरूकता से सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में 14 नवम्बर को ग्राम उर्वा में वृहद विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन होने जा रहा है। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने शिविर को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिये विभिन्न अधिकारियों को जवाबदेही सोंपी है। अपर कलेक्टर श्री एच बी शर्मा को जिला प्रशासन की ओर से नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है। जागरूकता से सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत आयोजित होने जा रहे इस शिविर में आम जनता को कानूनी जागरूकता के साथ-साथ शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जायेगा।

## चाचा नेहरू के जन्मदिवस पर बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित की जायेगी : डॉ. सिकरवार

ग्वालियर। 16 ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र में कल दिनांक 14 नवंबर को पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के जन्म दिवस पर ग्वालियर पूर्व के विधायक सतीश सिंह सिकरवार द्वारा विधानसभा मे आने वाले सभी 19 वार्डों में बच्चों का कार्यक्रम आयोजित किया है जिसमें बच्चों को पाठ्य सामग्री एवं मिष्ठान का वितरण सुबह 11:00 बजे निम्न स्थानों पर किया जायेगा। वार्ड 18 में बीड़ी श्रमिक कॉलोनी वार्ड, 19 में ग्राम जडेरुआ जाटव बस्ती, वार्ड 20 में सिद्धेश्वर नगर नरेंद्र वर्मा की गली जीतू कुशवाहा का गार्डन, वार्ड 21 में सरकारी हॉस्पिटल ग्राउंड, वार्ड 22 में गोपालपुरा, वार्ड 23 में कबीर आश्रम नदी पारटाल, वार्ड 24 में हनुमान मंदिर सुरेश नगर, वार्ड 25 में लेदर फैक्ट्री पार्क, वार्ड 26 में गुरुद्वारा बाल्मिक बस्ती मुरार, वार्ड 27 में राम नगर ईदगाह के सामने मुरार, वार्ड 28 में रविदास आश्रम रपट पुल के पास, वार्ड 29 में हनुमान मंदिर सी ब्लॉक कर्मचारी आवास।

# खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्रीमंत यशोधरा राजे सिंधिया ने खेल अकादमी का किया निरीक्षण





### अधिकारियों की बैठक लेकर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

ग्वालियर। प्रदेश की खेल, युवा कल्याण, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग की मंत्री श्रीमंत यशोधरा राजे सिंधिया ने शनिवार को महिला खेल अकादमी का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ ही विभागीय अधिकारियों के साथ विस्तार से बैठक भी की।

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने निरीक्षण के दौरान कहा है कि अकादमी में हॉकी मैदान पर टर्फ बिछाने का जो कार्य किया जा रहा है, उसे निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। निरीक्षण के दौरान उनके साथ खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संचालक श्री रवि कुमार गुप्ता, ज्वॉइंट डायरेक्टर श्री बालू यादव, पुलिस हाउसिंग प्रोजेक्ट इंजीनियर श्री नरेश शर्मा, हॉकी कोच श्री परमवीर सिंह, खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी श्री जोसफ और विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्रीमती सिंधिया ने यह भी कहा है कि हॉकी मैदान के दोनों ओर वीडियो कव्हरेज के लिये प्लेटफार्म भी तैयार किए जाएं। इसके साथ ही अकादमी में साफ-सफाई, विद्युत की व्यवस्था बेहतर से बेहतर की जाए। उन्होंने निरीक्षण के उपरांत विभागीय अधिकारियों के साथ अकादमी की गतिविधियों के संबंध में विस्तार से समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## विधायक डॉ.सिकरवार ने सीसी सड़क के लिये किया भूमिपूजन



ग्वालियर। आज 16 ग्वालियर पूर्व से कांग्रेस के विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने वार्ड क्रं.24, थाटीपुर मस्जिद के अंदर की गली में सीसी रोड़'' का भूमिपूजन किया। साथ में क्षेत्रवासियों सहित कांग्रेस के कार्यकर्ता और पदाधिकारी गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम मे ब्लॉक अध्यक्ष प्रेम सिंह यादव, श्रीमती सीमा समाधिया, श्रीमती वीणा भारद्वाज, सुधीर मंडेलिया, पोहप सिंह वर्मा, राजेश तोमर, डॉ. कमलेश इन्दोरिया, हर्ष कुशवाह, भगवान दास पाल, पंचम भदौरिया, आकाश सिंह, बबलू सोन, प्रमोद खरे, अमित कश्यप, धीरज नागर, वीर सिंह चौहान, उस्मान खान, नरेन्द्र यादव, सुनील चंद्रवंशी, अशोक सुमन, योगेश राहुल, अज्जू देहलवार, उपेन्द्र सिंह पंडित आदि कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## आजादी के अमृत महोत्व के उपलक्ष में संकल्प से सिद्धि अंतरिक्ष में भारत के बढते कदम को लेकर कार्यशाला आयोजित



ग्वालियर। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में एनसीसी आर्मी विंग शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय ग्वालियर द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला 'संकल्प से सिद्धि' अंतरिक्ष में भारत के ब?ते कदम बाल भवन में आयोजित की गई। कार्यशाला में मुख्य अतिथि नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने कहा कि हमें कभी भी निराश नहीं होना चाहिए, हमेशा पॉजीटिव सोच के साथ कार्य करें तो कार्य में सफलता जरूर मिलती है। आपने देखा होगा हमारे इसरो के वैज्ञानिकों द्वारा रात दिन कार्य किया जाता है, फिर भी उनके कई प्रोजेक्ट अंतरिक्ष में जाने में असफल हुए, उसके बाद भी वह हार नहीं मानते नये प्रोजेक्ट के काम में जुट जाते हैं। उन्होंने इसरो के कार्य की भूरि-भूरि प्रसंशा की ओर कहा कि अगर आप रेत पर अपने कदमों के निशान छो?ना चाहते हो तो एक ही उपाय हैं अपने कदम पीछे मत खीचिए।

इस असवर पर मुख्य वक्ता वरिष्ठ वैज्ञानिक भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) डॉ. नवल किशोर गुप्ता ने अंतरिक्ष में भारत की भूमिका को लेकर कहा कि वर्ष 1969 में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान की स्थापना हुई। यह भारत सरकार की अंतरिक्ष एजेंसी है और इसका मुख्यालय बंगलुरू में है। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक विक्रम साराभाई के प्रयासों से इसरों को स्थापित किया गया। इसे भारत सरकार के 'स्पेस डिपार्टमेंट' द्वारा प्रबंधित किया जाता है, जो सीधे भारत के प्रधानमंत्री को रिपोर्ट करता है। इसरो अपने विभिन्न केंद्रों के देशव्यापी नेटवर्क के माध्यम से संचालित होता है।

डॉ. गुप्ता ने कार्याशाला को संबोधित करते हुए बताया कि विश्व में आज अंतरिक्ष-विज्ञान के क्षेत्र में जो हो? लगी हुई है, उसमें हमारा देश भारत भी कहीं पीछे नहीं है। हमारे देश ने इस क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। अंतरिक्ष में विज्ञान के आविष्कार के लिए छो? गए उपग्रह विश्व को चकित करने वाले रहे हैं। विश्व में अंतरिक्ष यात्रा की शुरुआत रूस ने 4 अक्टूबर 1957 को 'स्पुतनिक-1' कृत्रिम उपग्रह छो?कर की थी। भारत ने सर्वप्रथम स्वतंत्रता प्राप्ति के कुछ ही वर्षों बाद थुम्बा से अपना प्रथम साउंडिंग राकेट छो?कर अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में पदार्पण किया था। 1974 में भारत ने अंतरिक्ष में अपना पहला उपग्रह आर्यभट्ट स्थापित किया था। उन्होंने कहा कि जब रूस ने अमेरिका के दबाव में क्रायोजनिक इंजन की तकनीक देने से मना कर दिया। तब देश के वैज्ञानिकों को साथ लेकर डॉ गुप्ता ने क्रायोजनिक इंजन का निर्माण किया जिसके कारण अंतरिक्ष के क्षेत्र में इतिहास रचा गया। भारत ने उसी क्रायोजनिक इंजन से 104 उपग्रह एक साथ अंतरिक्ष भेजे जो विश्व का इतिहास बन गया।

इस अवसर पर कार्यशाला की अध्यक्षता कमान अधिकारी 15 एमपी बटालियन एनसीसी ग्वालियर कर्नल अरिन्दम मजूमदार ने स्वागत भाषण, सहायक निदेशक रक्षा अनुसंधान विकास स्थापना ग्वालियर डॉ. परितोष मालवीय ने वैज्ञानिक क्षेत्र में मातृभाषा का महत्व एवं चुनौतियॉ, शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक भौतिक विज्ञान डॉ. नीलम भटनागर ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, प्राचार्य शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय डॉ. बीपीएस जादौन ने भी मंच से संबोदन दिया। मप्र उच्च शिक्षा विभाग के विशेष कर्तव्यस्त अधिकारी डॉ. सपन पटेल ने कार्यशाला में विचार व्यक्त किये।

## विश्व दिव्यांग दिवस पर प्रथम मध्यप्रदेश दिव्यांग प्रीमीयर लीग के आयोजन को लेकर दिव्यांग खिलाड़ियों ने की खेल मंत्री श्रीमंत यशोधरा राजे सिंधिया से मुलाकात

ग्वालियर। विश्व दिव्यांग दिवस 3 दिसंबर के अवसर पर ग्वालियर में प्रथम मध्य प्रदेश दिव्यांग प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर आज मध्यप्रदेश दिव्यांग क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों ने प्रदेश सरकार की खेल मंत्री श्रीमंत यशोधरा राजे सिंधिया से ग्वालियर आगमन पर मुलाकात की एवं आयोजन कराने का आग्रह करते हुए प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित होने का आग्रह किया।



कंपू स्थित जिला खेल परिसर में आज शनिवार को प्रदेश सरकार की खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्रीमंत यशोधरा राजे सिंधिया से मध्य प्रदेश दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव संजय सिंह तोमर के साथ प्रदेश के अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ी एवं राष्ट्रीय खिलाड़ियों ने भेंट कर आगामी विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर ग्वालियर में प्रथम मध्य प्रदेश दिव्यांग प्रीमीयर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन एवं दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर मांग पत्र सौंपा।

## व्यक्ति को अपने कर्मों का फल स्वयं ही भोगना पड़ता है : मुनिश्री



### मुनिश्री संसघ का मंगल प्रवेश सिद्धचक्र महामंडल विधान के लिए हुआ

ग्वालियर-पुरुषार्थ और भाग्य को बदलने का नाम धर्म है। पुरुषार्थ व धर्म के द्वारा संतों, भगवंतों की आराधना से कर्मों की मारी मैना सुंदरी नारी को अपने पति को कुष्ठ रोग दूर कर श्रीपाल की काया को कंचन के समान बना दिया और अपने पिता के अभिशाप को दूर कर दिया। मैना सुंदरी की भक्ति ही थी, जिसने कई लोगों को कोढ़ से मुक्त कर दिया। इससे सीख मिलती है कि व्यक्ति को अपने कर्मों का फल स्वयं ही भोगना पड़ता है। यदि वास्तव में मैना सुंदरी की तरह हर व्यक्ति को भगवान के ऊपर ऐसी श्रद्धा भक्ति हो जाए, तो बड़े से बड़ा बिमारी भी ठीक हो जाए। यह बात वात्सल्य सरोवर राष्ट्रसंत मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज ने आज तीसरे दिन शनिवार को उपग्वालियर लोहमंडी लाल गोकुलचंद जैन मदिंर में मंगल प्रवेश के दौरान अयोजित सिद्धचक्र महामंडल विधान में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कही। मुनिश्री ने कहा कि हमें आठ गुणों की प्राप्ति व आठ कर्मों के नाश के लिए सिद्ध परमेष्ठी के आठ गुणों की आराधना करना चाहिए। सिद्धचक्र आराधना हमें संसार चक्र को समाप्त कर सिद्ध बनाने का मार्ग प्रशस्त करती है। हम आज दुकान, मकान परिवार के चक्कर लगाते हैं, परंतु संतों, भगवतों से ज्ञान दर्शन और चरित्र पाने उनके चक्कर नहीं लगाते। अगर हमने पाप कर्मों को करने में समय बर्बाद कर दिया तो हम धन चक्कर बन जाएंगे। हमें धर्म के चक्कर लगाकर धर्म को भीतर बसाने का प्रयास करना है। मुनिश्री ससंघ का मुरार में पद विहार करते हुए लोहामंडी जैन मंदिर में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। मुनिश्री के चरणो का पदाप्रक्षालन मंदिर समिति के अध्यक्ष पदमचंद जैन, महामंत्री देवेद्र जैन, दिलीप जैन, नवरंग जैन, अभिलाश जैन, राहुल जैन, मनीष जैन, अमित जैन, अलोक जैन, राजुल जैन ने किए।

**संगीतमय इंद्रो ने कलशों से भगवान का अभिशेक के साथ शांतिधार की**

सिद्धचक्र महामंडल विधान विधानचार्य ब्रह्मचारी राकेश जैन ने मंत्रउच्चारण के साथ इंद्रो ने चारों कोणों पर खड़े हुए 4 इंद्रो ने चारों ओर से जिनेंद्र देव के ऊपर अभिषेक जयकारों के साथ किया।

## नवयुवक सेवा मंडल का दीपावली मिलन एवं अन्नकूट महोत्सव का आयोजन हुआ



### मिलन समारोह में दो हजार लोगों ने अन्नकूट प्रसाद ग्रहण किया

ग्वालियर। अखिल भारतीय माहौर ग्वार्रे वैश्य समाज के नवयुवक सेवा मंडल मुरार के तत्वावधान में आज श्री भगवान मदन मोहन मंदिर मुरार में दीपावली मिलन अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया।

जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में श्री प्रेम बंसल जी एवं विशिष्ट अतिथिके रूप में माहौर ग्वार्रे वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री प्रकाश मांडिल जी उपस्थित रहे। वही अतिथियों द्वारा प्रतियोगिता में विजयी महिलाओं एवं बच्चों को पुरुस्कार वितरण कराया गया। अन्नकूट संजोयक राजेश गुप्ता एवं नवयुवक सेवामण्डल के अध्यक्ष पंकज गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि लगभग दो ह?ार समाजबंधुओं एवं मातृशक्ति ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर अन्नकूट भोजन प्रसादी का आनंद लिया। इस अवसर पर जयंती संजोयक दुर्गेश गांगिल, अन्नकूट संयोजक राजेश गांगिल, आनंद गांगिल, शिवनारायण गुप्ता, प्रेम गांगिल, लोकेश गुप्ता, उमेश गुप्ता, हरिओम गांगिल, आनंद गांगिल, विष्णु गुप्ता, आनंद गुप्ता, राहुल गुप्ता, आकाश गुप्ता एवं नारायण गोयल, आदि मौजूद थे।






स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478